''राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार''

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 02, अंक 52 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रूपए शुक्रवार, 21 फरवरी 2025 samachargate@gmail.com

**जरूरी सूचना**

सुधी पाठकों को सूचित किया जाता है कि समाचार गेट के नाम पर अगर कोई पत्रकार आपसे पैसे की मांग करता है तो कृपया 9212339503 पर संपर्क करें। समाचार गेट में कार्य कर रहे पत्रकार सिर्फ वही हैं जिनके नाम से खबर छपती हैं।

# फरीदाबाद नगर निगम चुनाव में टूटेगा लखनऊ नगर निगम का रिकॉर्ड : कृष्णपाल गुर्जर

## फरीदाबाद की विकास यात्रा के भागीदार बनें : प्रवीण बत्रा जोशी

**जनसंपर्क अभियान के दौरान प्रवीण बत्रा ने वार्ड-1, 30 और 31 के भाजपा प्रत्याशियों को जिताने की अपील की**





**समाचार गेट/नरवीर यादव**

**फरीदाबाद।** भाजपा की मेयर प्रत्याशी प्रवीण बत्रा जोशी को चुनावी सभाओं में भारी जनसमर्थन मिल रहा है। वार्ड-30 के भाजपा प्रत्याशी अनिल नागर के जनसंपर्क कार्यक्रम में पहुंचे केंद्रीय मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने सभी 46 वार्डों के प्रत्याशियों व मेयर के लिए जनता से समर्थन मांगते हुए उन्हें विजयी बनाने की अपील की।

केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कांग्रेस की स्थिति पर चुटकी लेते हुए कहा कि कांग्रेस को ढूंढने से भी प्रत्याशी नहीं मिले। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मेयर का चुनाव सबसे ज्यादा मतों से जीतने का रिकार्ड लखनऊ का है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि लखनऊ के रिकार्ड को इस बार तोडना है। पूरे हिन्दुस्तान में सबसे ज्यादा मतों से महापौर बनाने का रिकार्ड फरीदाबाद के नाम करना है। वार्ड-30 में भाजपा प्रत्याशी अनिल नागर के समर्थन में आयोजित जनसभा में कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि निगम चुनाव में 2 मार्च को शत प्रतिशत मतदान करना है। उन्होंने भाजपा मेयर प्रत्याशी प्रवीण बत्रा जोशी की प्रशंसा करते हुए कहा कि श्रीमती जोशी के परिवार को जानता हूं। श्रीमती जोशी अपने परिवार के संस्कारों से ओत प्रोत, पढ़ी लिखी लोगों की सेवा करने वाली प्रत्याशी है। उपस्थित लोगों से अपील करते हुए श्री गुर्जर ने कहा कि 1994 से आप लोग मेरे साथ हैं। आप लोगों ने ना मुझे छोड़ा है और ना मैने आप लोगों को छोड़ा है। इतने लंबे समय तक हम यहां हैं। इसका श्रेय फरीदाबाद की जनता को जाता है, जिसके कारण फरीदाबाद में कमल खिल रहा है। उन्होंने कहा कि मैने अपने 46 साल के राजनीतिक जीवन में कांग्रेस की ऐसी दुर्दशा नहीं देखी जैसी आज बनी हुई है। कांग्रेस के यह सब कुकर्मों का फल है कि कोई कांग्रेस की टिकट तक नहीं मांगने गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को आत्मचिंतन की जरूरत है। जनसंपर्क अभियान के दौरान आयोजित सभा में केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर के अलावा निवर्तमान वरिष्ठ उपमहापौर देवेन्द्र चौधरी, डा. कौशल बाटला, वार्ड-29 से भाजपा प्रत्याशी अजय बैंसला, मंडल अध्यक्ष राजेश चौधरी, दीपक बैंसला, अमित मिश्रा, आरडब्ल्यूए पदाधिकारी, सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं के पदाधिकारी व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

**समस्याओं का समाधान करना रहेगी मेरी प्राथमिकता: प्रवीण बतरा जोशी**

वार्ड-1, 30 और 31 की सभाओं में पहुंचने पर लोगों ने गर्मजोशी के साथ मेयर प्रत्याशी प्रवीण बत्रा जोशी का जोरदार स्वागत किया और चुनाव में जीत के लिए आशीर्वाद दिया। प्रवीण बत्रा जोशी ने लोगों से आह्वान करते हुए कहा कि हर वार्ड में कमल खिलाकर और भाजपा का मेयर बनाकर फरीदाबाद की विकास यात्रा में सहभागी बनें। उन्होंने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बिना भेदभाव किए हर वर्ग के कल्याण और विकास के लिए काम कर रहे हैं। लोगों से अपील करते हुए प्रवीण बतरा ने कहा कि फरीदाबाद के नॉन स्टॉप विकास के लिए ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने में मदद करें। भाजपा प्रत्याशी प्रवीण बत्रा जोशी ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता एक सैनिक की तरह कार्य करते हैं। 34 वर्षों से फरीदाबाद में लोगों की सेवा कर रही हूं और आरडब्ल्यूए की अध्यक्ष भी रहीं हूं। लोगों की जो समस्याओं को नजदीक से जानती हूं। उन्होंने उपस्थित लोगों को भरोसा देते हुए कहा कि वार्ड की हरेक समस्या का वह प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराने के लिए तत्पर रहेंगी। श्रीमती जोशी ने कहा कि वार्ड-30 से भाजपा प्रत्याशी अनिल नागर एवं वार्ड-29 से भाजपा प्रत्याशी अजय बैंसला को भारी मतों से जिताएं।

**ईवीएम पर इतने बटन दबाएं कि विपक्ष नजर ना आए: सतीश फागना**

एनआईटी विधानसभा से विधायक सतीश फागना ने एनआईटी विस के वार्ड-1 में मतदाताओं से आग्रह करते हुए कहा कि चुनाव में ईवीएम पर इतने बटन दबाएं कि विपक्ष कहीं नजर ही ना आए। उन्होंने कहा कि आप सबके आशीर्वाद से ही बेड़ा पार होगा। जैसा आशीर्वाद लोकसभा और विधानसभा चुनाव में दिया था, वैसा ही आशीर्वाद अब निकाय चुनाव में देकर भाजपा के विकास के रथ की गति तेज करें। भाजपा मेयर प्रत्याशी प्रवीण बतरा जोशी ने वार्ड-1 के पार्षद प्रत्याशी मुकेश डागर के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। भाजपा के विकासात्मक कार्यों को देखकर वोट देने की अपील की। उन्होंने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव की तरह फरीदाबाद में भी कांग्रेस का सूपड़ा साफ होगा।

**वार्ड-31 की प्रत्याशी शैफाली के चुनाव कार्यालय का किया उद्घाटन**

भाजपा मेयर प्रत्याशी प्रवीण बत्रा जोशी ने वार्ड-31 से भाजपा प्रत्याशी शैफाली सिंगला के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन करते हुए मदाताओं से निगम चुनाव में भाजपा को समर्थन देने की अपील की। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने हमेशा ही विकास और सेवा को प्राथमिकता दी है। उन्होंने उपस्थित लोगों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि यहां की समस्याओं का समाधान हम पूरी मेहनत और ईमानदारी से करेंगे। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने मेयर प्रत्याशी का फूल मालाओं से स्वागत किया और चुनाव जीत के लिए आशीर्वाद दिया।

# 24 फरवरी को निकाय चुनाव को लेकर संकल्प पत्र जारी करेगी भाजपा

**मुख्यमंत्री रोहतक से जारी करेंगे संकल्प पत्र**

**मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली, मंत्री विपुल गोयल की उपस्थिति में संकल्प पत्र को लेकर हुई बैठक में लिया गया फैसला**

**हर शहर, हर वार्ड के मुद्दों को संकल्प पत्र में डालने को लेकर घंटों हुई चर्चा**



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** निकाय चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने अपना संकल्प पत्र लगभग तैयार कर लिया है और यह संकल्प पत्र भाजपा 24 फरवरी को जारी कर देगी। प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली के अनुसार संकल्प पत्र को मुख्यमंत्री नायब सैनी रोहतक के भाजपा कार्यालय मंगल कमल से जारी करेंगे। गुरुवार को गुरुग्राम के भाजपा कार्यालय गुरुकमल में प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तथा संकल्प पत्र समिति के संयोजक विपुल गोयल, विजयपाल एडवोकेट की उपस्थिति में भाजपा के नेताओं ने संकल्प पत्र तैयार करने को लेकर घंटों मंथन किया। इस बैठक में शहर और वार्डों के मुद्दों पर चर्चा हुई और इसे अगले एक दो दिनों में ही तैयार कर लेने का निर्णय लिया गया। प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली के अनुसार 24 फरवरी को भारतीय जनता पार्टी निकाय संकल्प पत्र जारी कर देगी।

संकल्प पत्र को लेकर 3 बजे ही प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, संकल्प पत्र समिति के संयोजक विपुल गोयल, प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया, प्रदेश महामंत्री कृष्ण बेदी, एडवोकेट वेदपाल, एडवोकेट विजय पाल सहित तमाम नेता गुरुकमल कार्यालय में पहुंच गए थे। जैसे ही मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बैठक में पहुंचे वैसे ही मीटिंग में संकल्प पत्र पर विस्तृत चर्चा शुरू हुई। सभी नेताओं ने लोगों और कार्यकर्ताओं द्वारा भेजे गए सुझावों पर भी गहनता से विचार किया और अहम मुद्दे प्वाइंट आउट किए गए। इसके बाद एक-एक मुद्दे पर चर्चा हुई। संकल्प पत्र जारी करने को लेकर बैठक में निर्णय ले लिया गया।

प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने बताया कि 24 फरवरी को भाजपा अपना संकल्प पत्र जारी करेगी। उन्होंने कहा कि संकल्प पत्र में जनता की उम्मीदों पर खरे उतरेंगे। उन्होंने कहा कि संकल्प पत्र के लिए कुछ और भी अच्छे सुझाव आएंगे तो अगले एक दो दिनों में उन्हें भी शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और प्रदेश के नेता संकल्प पत्र जारी करने के मौके पर उपस्थित रहेंगे।

श्री बड़ौली ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने नगर निगम चुनाव को बड़े मार्जिन से जीतेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीतियों से जनता खुश है और जनता ने ही अपना आशीर्वाद देकर प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाई है। अब नगर निकाय चुनाव में भी भाजपा के उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित है। केंद्र और प्रदेश में भाजपा सरकार है और अब स्थानीय निकाय में भी भाजपा जीतेगी, इससे प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार तेज से विकास के कार्य करेगी।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा विकास और जनता की सेवा करने वाली पार्टी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में देश और प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है। नायब सरकार जनता के कल्याण के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार बनने पर तेजी से बिना रूकावट के विकास होगा। हर गरीब व्यक्ति तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाना ही हमारा लक्ष्य है। श्री बड़ौली ने कहा कि निकाय चुनाव में जनता भाजपा प्रत्याशियों को जीताने का मन बना चुकी है।

# कार्यकर्ताओं की मेहनत से निगम चुनाव में भाजपा की होगी बड़ी जीत : सुभाष बराला



**कार्यकर्ता समन्वय बनाकर ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने के लिए एकजुट होकर काम काम करें : बराला**

**दिल्ली की तरह हरियाणा निगम चुनाव में भी कांग्रेस का होगा सूपड़ा साफ : बराला**

**निगम चुनाव को लेकर चुनाव प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने गुरुग्राम और मानेसर नगर निगम के वार्ड संयोजकों, महिला मोर्चा पदाधिकारियों के साथ की बैठक**

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** निकाय चुनाव को लेकर राज्यसभा सांसद एवं गुरुग्राम के चुनाव प्रभारी सुभाष बराला ने भाजपा कार्यालय गुरुकमल में गुरुग्राम और मानेसर नगर निगम चुनाव को लेकर वार्ड संयोजकों, महिला मोर्चा पदाधिकारियों के साथ बैठक की।

बैठक के दौरान चुनाव प्रभारी बराला ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत से नगर निगम चुनाव में भाजपा की बड़ी जीत होगी। सुभाष बराला ने कहा कि कार्यकर्ताओं का उत्साह और उनकी निष्ठा का संबल चुनाव जीतने में अधिक महत्व रखता है, इसलिए सभी एकजुट होकर चुनाव के मैदान में उतरें और भाजपा प्रत्याशियों की जीत को बड़ी जीत में बदलने का काम करें। इस मौके पर मंच पर मंत्री कृष्ण बेदी, जिला अध्यक्ष कमल यादव, प्रदेश सचिव गार्गी कक्कड़, विधायक मुकेश शर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी अरविन्द सैनी, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष उषा प्रियदर्शी, एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सत्य प्रकाश जरावता, हरविन्द्र कोहली, मनीष गाडौली, अजीत यादव और निवर्तमान मेयर मधु आजाद आदि उपस्थित रहे।

सुभाष बराला ने बैठक में गुरुग्राम और मानेसर क्षेत्र की चुनाव संबंधी पूरी जानकारी ली और जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के बूते ही भाजपा इस मुकाम पर पहुंची है कि हरियाणा में तीसरी बार पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि आपस में समन्वय बनाकर जनता के बीच जाएं और ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने के लिए काम करें। सांसद सुभाष बराला ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता अनुशासित कार्यकर्ता हैं, इसलिए चुनाव में छोटी से छोटी बातों का ध्यान रखें। जनता के बीच जाकर मोदी और नायब सरकार की उपलबधियों को बताएं साथ ही सरकार की योजनाओं के बारे में भी जानकारी दें। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार पिछले 10 वर्षों से बिना भेदभाव किए जनहित में निर्णय लेकर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में भाजपा सरकार राज्य के विकास को नई ऊंचाईयों पर लेकर जा रही है। सुभाष बराला ने कहा कि हमें जनता के विश्वास को जीतना है, इसलिए हर वार्ड में जीत सुनिश्चित करने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ काम करें। श्री बराला ने कहा कि गुरुग्राम और मानेसर का सम्पूर्ण विकास के लिए हर वार्ड में कमल खिलाना है। बैठक में श्री बराला ने जोर देते हुए कहा कि अधिक से अधिक समय जनता के बीच रहें ताकि लोगों का विश्वास पार्टी में और अधिक बढ़े।

सुभाष बराला ने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनावों में कांग्रेस का अस्तित्व समाप्त हुआ, वैसे ही हरियाणा में भी जनता कांग्रेस का सूपड़ा साफ करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की नीति सदा से ही लोगों को गुमराह करने की रही है। आपसी फूट के कारण कांग्रेस के नेता लोगों को भ्रमित करने का काम करते हैं। श्री बराला ने कहा कि जनता कांग्रेस की छल कपट की राजनीति को समझ चुकी है। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि भाजपा के पक्ष में माहौल है और जनता ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने का मन बना चुकी है।

# हरियाणा के मुख्यमंत्री ने औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने के लिए नीतिगत सुधारों की आवश्यकता पर दिया बल

## वैश्विक निवेश को आकर्षित करने के लिए सक्रिय कदम उठाए : नायब सिंह सैनी



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अधिकारियों को राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण निवेश सुनिश्चित करने के लिए हर संभव कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रदेश में औद्योगिक विकास को और गति देने के लिए, आवश्यकता अनुसार मौजूदा नीतियों को संशोधित करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि इससे न केवल अधिक निवेश आकर्षित होगा बल्कि रोजगार के और अधिक अवसर भी पैदा होंगे। मुख्यमंत्री बुधवार देर शाम उद्योग एवं वाणिज्य विभाग की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हरियाणा ने पहले ही आईएमटी खरखौदा की सफलता के आधार पर राज्य भर में 10 अत्याधुनिक औद्योगिक टाउनशिप स्थापित करने की योजना बनाई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में उद्योगों की स्थापना को सुविधाजनक बनाने और वैश्विक निवेश को आकर्षित करने के लिए सक्रिय कदम उठाए जाने चाहिए। इस संबंध में उन्होंने हरियाणा में एक अत्याधुनिक आईटी पार्क के निर्माण के साथ-साथ उद्योगों और एमएसएमई दोनों के लिए विशेष प्रोत्साहन देने का भी सुझाव दिया ताकि राज्य को निवेश के लिए अधिक आकर्षक स्थान बनाया जा सके।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा विनिर्माण को बढ़ावा देने और देश भर में एमएसएमई को बढ़ावा देने के लिए उठाए गए कदमों की भी सराहना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी से सटा होने और मजबूत बुनियादी ढांचे के साथ, हरियाणा वैश्विक उद्यमों को आकर्षित करने वाले आर्थिक पारिस्थितिकी तंत्र को विकसित करने के लिए बेहतर स्थिति में है। इसके अतिरिक्त, भारतीय प्रवासी भी हरियाणा में उद्यम स्थापित करने के इच्छुक हैं, जिससे आर्थिक विकास के लिए और अवसर उपलब्ध होंगे। उन्होंने सुझाया कि उद्योग विभाग और हरियाणा राज्य औद्योगिक और बुनियादी ढांचा विकास निगम ऐसे सभी उद्यमियों से संपर्क करते हुए हरियाणा राज्य में उनके निवेश को सुविधाजनक बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि समय पर कार्यान्वयन और परिणाम सुनिश्चित करने के लिए ये कार्य टारगेट बेस्ड होना चाहिए।

एक अलग बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को राज्य में एयरोस्पेस और रक्षा निवेश आकर्षित करने पर ध्यान केंद्रित करने का भी निर्देश दिया। हरियाणा राज्य को राष्ट्रीय एयरोस्पेस और रक्षा हब के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य से एयरोस्पेस और रक्षा निवेश नीति को स्वीकृति दी गई है जिसका उद्देश्य इस क्षेत्र में अगले पांच वर्षों में 1 बिलियन अमरीकी डालर के निवेश को आकर्षित करना है। बैठक में मुख्य सचिव श्री अनुराग रस्तोगी, मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव श्री राजेश खुल्लर, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री अरुण कुमार गुप्ता, एसीएस श्री विजयेंद्र कुमार, उद्योग विभाग के प्रधान सचिव श्री डी. सुरेश, नागरिक उड्डयन विभाग के प्रधान सचिव श्री श्यामल मिश्रा, श्रम विभाग के प्रधान सचिव श्री राजीव रंजन, मुख्यमंत्री के ओएसडी श्री राज नेहरू सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार

**समाचार गेट**

में खबरें अथवा विज्ञापन के लिए संपर्क करें

नरवीर यादव 9212339503

जितेंद्र मोर 9999263485

कृष्णा शर्मा 9818180269

सुमित गोयल 9212213121

samachargate@gmail.com

# अखिलेश बोले- ये बजट नहीं बड़ा ढोल

## अंदर से खोखला: शिवपाल ने कहा-बड़े घोटाले की स्क्रिप्ट









**लखनऊ।** योगी सरकार ने गुरुवार को 2025-26 का बजट पेश किया। पशुओं की समस्या खत्म करने का भी ऐलान किया। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने इसको लेकर योगी सरकार पर निशाना साधा। कहा- ये छुट्टा जानवर तभी हट सकते हैं जब ये सरकार हटेगी। सपा नेता शिवपाल सिंह यादव ने कहा- यह बजट एक बड़े घोटाले की पटकथा है। अगर यही विकास है तो जनता को अंधकार से कोई शिकायत नहीं होनी चाहिए। इसलिए मैं इस बजट को पूरी तरह से खारिज करता हूं। अखिलेश यादव ने कहा- सरकार ने उर्दू वाला सवाल जानबूझ कर उठाया, जिससे रोजगार, इंवेस्टमेंट पर बात न हो। मुख्यमंत्री जी को उर्दू के बारे में कुछ नहीं पता। ये मेरठ के आसपास जन्मी है। सीएम अकेले में गजल सुनकर रोते हैं। इस बार के बजट में पिछड़े, दलित और मुसलमानों के साथ भेदभाव किया है। बुंदेलखंड का किसान बर्बाद हो गया। उसकी मूंगफली खरीदी नहीं गई। अगले 5 साल में सरकार फसलों का न्यूनतम दाम देने की बात कह रही है। मंडियां तो चौपट हो गईं। नई मंडी एक भी नहीं बनाई। भाजपा ने संकल्प लिया था कि 14 दिन में किसानों का भुगतान नहीं किया तो उस पर ब्याज सहित भुगतान देंगे। सरकार यह नहीं बता रही कि गन्ने की कीमत कितनी बढ़ाई। कितना बकाया है, यह नहीं बताती। अखिलेश ने बजट को 'बड़ा ढोल' बताया। कहा कि यह सिर्फ दिखावा है, जो वास्तविक विकास और सुधार की बजाय सिर्फ प्रचार पर आधारित है। सरकार कहती है कि यूपी में 6 मेगा फूड पार्क विकसित किए जाएंगे। अब तक सरकार ने एक भी मेगा फूड पार्क विकसित किया है तो बताए। जो लोग सशक्त नारी की बात कर रहे हैं, जिन्होंने कहा कि UPPSC में हम महिलाओं की संख्या दोगुनी कर देंगे...आज बताएं कि कितनी दोगुनी हुईं। सपा नेता शिवपाल यादव ने कहा, मैं सरकार से आग्रह करता हूं कि अगली बार जुमलों की किताब की जगह जनता की जरूरत का बजट बनाएं। हम 2027 में जनता के हित में एक बेहतर बजट लाएंगे।

मायावती बोलीं- करोड़ों परिवारों की दरिद्रता दूर कैसे होगी बसपा प्रमुख मायावती ने कहा- बजट महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी, पिछड़ेपन को दूर करने, आम जनता की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं है। ऐसे में विकास कैसे संभव है। कुल मिलाकर यूपी सरकार का बजट भी पेट भरे मध्यम वर्ग के तुष्टीकरण वाला है। जबकि सरकारों का दायित्व करोड़ों परिवारों की दरिद्रता को दूर करके सुख-चैन पहुंचाना होता है। लेकिन, बजट में ऐसा न होना चिंतनीय है।

## बजट में उत्तर प्रदेश के सर्वांगीण विकास की परिकल्पना निहित: दुर्गेश राय



**कुशीनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने लगातार 9वीं बार वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 8 लाख 8 हजार 636 करोड़ रुपए का बजट पेश किया है, जो रामराज्य का बजट है। इस बजट में उत्तर प्रदेश के सर्वांगीण विकास की परिकल्पना निहित है। उक्त बातें भारतीय जनता पार्टी कुशीनगर जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने कहीं। कहा कि प्रदेश के इंफ्रास्ट्रक्चर प्रॉजेक्ट्स, सांस्कृतिक विरासत,सामाजिक पेंशन, गरीब, युवा, किसान, महिला धार्मिक पर्यटन और महिलाओं के उत्थान पर विशेष ध्यान दिया गया है । बजट में समाज के हर वर्ग- गरीब, मध्यम वर्ग, किसान, महिला, युवा और आम लोगों की जरूरतों को पूरा करने का प्रयास किया गया है।इस बजट में छात्राओं का विशेष ध्यान रखा गया है। 8 लाख करोड़ रुपये के बजट में छात्राओं के लिए वित्त मंत्री ने ह्लस्कूटी स्कीमह्व की घोषणा की है। इस योजना के तहत प्रदेश में पढ़ रही छात्राओं को सरकार की ओर से मुफ्त में स्कूटी दी जाएगी, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें और उनकी पढ़ाई-लिखाई में कोई रुकावट न आए।सही मायने में यह जनहित का बजट है।

## 3,700 रेलवे कर्मचारी हड़ताल पर लोको पायलट गार्ड भी शामिल



**लखनऊ।** के चारबाग रेलवे स्टेशन पर लोको पायलट और गार्ड हड़ताल पर बैठे हैं। रनिंग स्टाफ का कहना है- वीक ऑफ कैंसिल किया जा रहा है। इसमें मेला सहित अन्य कारण बताए जा रहे हैं। महाकुंभ के चलते 10 से अधिक दिनों तक बिना रेस्ट के काम कराया जा रहा है। इससे पारिवारिक और मानसिक स्थिति खराब हो रही है। हम लोग तनाव में काम कर रहे हैं। लखनऊ मंडल में करीब 3,700 कर्मचारी हड़ताल पर हैं। इनमें 2,200 लोको पायलट और 1,500 गार्ड शामिल हैं। हालांकि कर्मचारी ड्यूटी भी कर रहे हैं। उन्होंने संगठन को सांकेतिक समर्थन दिया है। इस दौरान ड्यूटी खत्म होने के बाद 36 घंटे तक उपवास कर प्रदर्शन में शामिल हो रहे। लोको पायलट बताते हैं कि रूट ऑफ होने के बाद रनिंग रूम में रहने पर 8 घंटे के बाद दोबारा ड्यूटी पर बुलाने का नियम होता है, लेकिन सिर्फ 6 घंटे पर ही बुला लिया जाता है। इससे समस्या होती है। वहीं घर पर रहने पर 16 घंटे की बजाय सिर्फ 14 घंटे में ही बुला लिया जाता है। लोको पायलट बोले नहीं बढ़ा अलाउंस लोको पायलट चौधरी विक्रम सिंह ने बताया कि रेस्ट कम मिलता है।

50 फीसदी डीए बढ़ने के बाद अन्य कर्मचारियों के भत्ते 25 फीसदी बढ़ा दिए गए हैं, लेकिन रनिंग कर्मचारियों का किलोमीटर अलाउंस अभी तक नहीं बढ़ाया गया है। इससे कर्मचारियों को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है।

## पीएनएम इंटर कालेज में विदाई और सम्मान समारोह आयोजित



**कुशीनगर।** फाजिलनगर के पीएनएम इंटर कालेज में दसवीं और बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों के विदाई समारोह के साथ ही विद्यालय के अवकाश प्राप्त शिक्षक असलम अंसारी के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य डा.अक्षयबर पांडेय ने कहा कि विद्यार्थी विद्यालय की उत्पाद (प्रोडक्ट) होते हैं। उनके व्यवहार से शिक्षक और विद्यालय के संस्कारों का परिचय मिलता है।बीशिक्षक कभी सेवानिव त्त नहीं होता, वह समाज को सदैव दिशा देने का कार्य करता रहता है। शिक्षक केवल कक्षा तक सीमित नहीं रहते, बल्कि जीवनभर अपने ज्ञान और अनुभवों से समाज का मार्गदर्शन करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि बोर्ड परीक्षा में अधिक से अधिक सफलता अर्जित करें और अपने विद्यालय एवं परिवार का नाम रोशन करें। समारोह में अवकाश प्राप्त शिक्षक श्री अंसारी को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। उपप्रधानाचार्य विश्राम यादव, वरिष्ठ शिक्षक नंदा पांडेय, समीप राव, डॉ. संजय मिश्र, रामानंदन दास ने सम्बोधित किया। संचालन कवि मनंजय तिवारी ने किया। इस दौरान राम केवल प्रसाद, शैलेश तिवारी, जयनाथ प्रसाद, नीरज रानी, प्रतिमा पांडेय, नम्रता मिश्र, संदीप गौतम, अतुल तिवारी, चंद्र प्रकाश तिवारी, चंद्रशेखर उपाध्याय उपस्थित रहे।

## तीन दिवसीय अंग्रेजी विषय के उपचारात्मक शिक्षण, प्रशिक्षण का हुआ समापन




**कुशीनगर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान कुशीनगर डायट के सभागार में तीन दिवसीय अंग्रेजी विषय के उपचारात्मक शिक्षण, प्रशिक्षण समापन समारोह का समापन हो गया। प्रभारी प्राचार्य /बीएसए कुशीनगर डॉ रामजीयावन मौर्य की देखरेख में बुधवार को संपन्न समारोह के मुख्यअतिथि डायट के वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ अमित कुमार सिंह ने कहा कि वर्तमान परिपेक्ष्य में अंग्रेजी भाषा को जानना व समझना एक वैश्विक आवश्यकता है। रिमेडियल ट्रेनिंग के नोडल/ डायट प्रवक्ता धनंजय चतुवेर्दी ने कहा कि जो बच्चे हैं, उनके नीट को देखते हुए, यह उपचारात्मक शिक्षण, प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के माध्यम से अंग्रेजी भाषा को बेहतर तरीके से बच्चों को बताया जा सके। कार्यक्रम को डायट प्रवक्ता डॉ मुकेश गुप्त, चंद्रशेखर कुमार, डॉअखलाक अहमद, , डॉ अर्चना सिंह ल ने संबोधित किया । प्रशिक्षणोपरानत प्रतिभागी शिक्षक/ शिक्षिका गण को प्रमाण पत्र दिया गया। विषय विशेषज्ञ त्रिलोकी प्रसाद मद्धेशिया, नरेंद्र पांडे, एहसान अली, सुचिता प्रसाद, अमीरुल हक अंसारी व मारकंडेय, प्रतिभागी शिक्षक गण में छेदी प्रसाद, अशोक कुमार दुबे, सुरेश प्रसाद रावत, ध्रुव नारायण सिंह, विनय प्रकाश तिवारी, नीरज श्रीवास्तव, सुमित कुमार त्रिपाठी, अमरेंद्र नारायण सिंह, मनोज सिंह, दिनेश यादव, मदन गोपाल पाठक, सुरेंद्र सिंह, रामनिवास प्रसाद, भगवान तिवारी, महेश रजक, अरविंद तिवारी, शिक्षिका गण में- सुधारानी जायसवाल, कंचन लता, प्रतिभा तिवारी, निशु विश्वकर्मा, मनोरमा द्विवेदी, प्रतिभा तिवारी, माया गुप्ता, प्रीति सोनकर, सुनीता सिंह की सहभागिता रही।

संचालन- प्रधानाध्यापक शैलेश कुमार त्रिपाठी व आभार डायट नोडल प्रवक्ता धनंजय चतुवेर्दी ने ज्ञापित किया।

## 3.60 लाख के ह्यूम पाइप खरीद में गड़बड़ी का आरोप



**गोंडा।** के देवीपाटन मंडल में 15वें वित्त आयोग की धनराशि में बड़े घोटाले का मामला सामने आया है। ग्राम पंचायत पुरैनिया रूपईडीह में ह्यूम पाइप खरीद और श्रमिक व्यय में गड़बड़ी की शिकायत मिली है।मंडलायुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने इस मामले में उप निदेशक पंचायती राज को जांच सौंपी है। शिकायतकर्ता पंकज कुमार पाण्डेय ने बताया कि पंचायत ने 3,60,595 रुपये खर्च किए। लेकिन मौके पर कहीं भी पाइप नहीं लगाई गई। पंचायत ने चार अलग-अलग तिथियों में भुगतान किया। 25 दिसंबर 2021 को 1,09,349 रुपये की ह्यूम पाइप खरीदी गई। 18 फरवरी 2022 को श्रमिक व्यय में 65,702 रुपये खर्च किए गए। 9 अगस्त 2023 को 91,920 रुपये की पाइप खरीद और 1,704 रुपये का श्रमिक व्यय दशार्या गया। 17 अगस्त 2023 को 91,920 रुपये की एक और खरीद की गई। ग्राम कश्मीरवा, पुरैनिया रूपईडीह के निवासी पंकज कुमार पाण्डेय का कहना है कि इतनी बड़ी राशि खर्च होने के बाद भी जमीन पर कोई काम नहीं हुआ। उन्होंने मामले की गहन जांच और भौतिक सत्यापन की मांग की है।

## प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करेंगे बच्चे: रजनीकांत मणि त्रिपाठी









**गोंडा।** में बार एसोसिएशन के नेतृत्व में हजारों अधिवक्ताओं ने कलेक्ट्रेट में विरोध प्रदर्शन किया। अधिवक्ता अधिनियम 1961 में प्रस्तावित संशोधन का विरोध कर रहे वकीलों ने डीएम नेहा शर्मा को राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा। बार एसोसिएशन का कहना है कि केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित संशोधन को तत्काल प्रभाव से रोका जाए। अधिवक्ताओं का मानना है कि इन संशोधनों से उनकी स्वतंत्रता प्रभावित होगी। उनका आरोप है कि यह प्रस्ताव वकीलों की निष्पक्ष आवाज को दबाने का प्रयास है। गोंडा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राम बुझारत द्विवेदी ने कहा कि सरकार को संशोधन से पहले अधिवक्ताओं से विचार-विमर्श करना चाहिए।

## संक्षिप्त डायरी

### थाई मंदिर में बुद्ध गीत कांटेस्ट में बच्चों ने लिया भाग



**कुशीनगर।** बुद्ध स्थली कुशीनगर स्थित थाई मोनेस्ट्री परिसर में माधी अमावस्या के अवसर पर आयोजित चार दिवसीय बुद्ध धातु शोभायात्रा समारोह के प्रथम दिन 30 स्कूलों के छात्र - छात्राओं ने तथागत बुद्ध पर आधारित गीत प्रतियोगिता में भाग लिया। सामूहिक रूप से बुद्धम शरणम्‌ गच्छामि की थीम पर श्रद्धा और भक्ति के साथ प्रस्तुति दी। गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम के तहत मुख्य थाई मंदिर में प्रमुख भंते फ्राविडेस्चेरियन (डॉ. पी सोम पोंग) के निर्देशन में स्थानीय बुद्धिस्ट मॉनेस्ट्रियो से जुड़े भिक्षुओं ने विधि विधान से भगवान बुद्ध का विशेष पूजन किया। आयोजित बुद्ध गीत प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी और थाईलैंड से आए अतिथियों ने फीता काटकर किया। कांटेस्ट में भगवान बुद्ध के जीवन और उपदेशों पर आधारित गीत सरदार पटेल जूनियर विद्यालय, लिन्ह सन इंटर कालेज, सरस्वती ज्ञान मंदिर हेतिमपुर, सीएस स्कूल, लोहिया पब्लिक स्कूल, मैत्रेय लोटस पब्लिक स्कूल अहिरौली सहित 30 विद्यालयों से आए प्रतिभागियों ने एकल, सूहिक रूप से गीत, नृत्य की बेजोड़ प्रस्तुति दी। सभी प्रतिभागियों को आयोजक गण और अतिथियों ने पुरस्कृत किया। संचालन टीके राय ने किया। इस दौरान भंते सोन क्रान, राजीव खन्ना, विवेकनंद तिवारी, अंबिकेश त्रिपाठी, ओमप्रकाश कुशवाहा, विवेक कुमार गोंड आदि सहित अन्य भंते मौजूद रहे।

### सांसद राकेश राठौर की जमानत पर 24-फरवरी को सुनवाई



**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में दुराचार के मामले में जेल में बंद कांग्रेस सांसद राकेश राठौर की जमानत याचिका पर आज सुनवाई हुई। न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान की एकल पीठ ने मामले को सोमवार को सुनवाई के लिए पहले नंबर पर रखा है। कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि वह सोमवार तक अपना जवाब दाखिल कर सकती है। न्यायालय सोमवार को सुबह बैठते ही सबसे पहले इस जमानत याचिका पर सुनवाई करेगा। राठौर की ओर से दायर नियमित जमानत याचिका पर न्यायालय ने यह आदेश सुनवाई के बाद पारित किया। इस मामले में अंतिम निर्णय सोमवार को आने की संभावना है। 21 दिन पहल हुई थी गिरफ्तारी कांग्रेस सांसद राकेश राठौर को पुलिस ने 21 दिन पहले गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। उन पर एक महिला नेता ने रेप करने का आरोप लगाया है। गुरुवार को राकेश राठौर सीतापुर में अपने आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे थे। तभी अचानक पुलिस पहुंची। पुलिस ने सांसद को कोर्ट में पेश किया, जहां से 14 दिन के लिए जेल भेज दिया गया। राकेश राठौर पर 15 जनवरी को एक महिला ने यौन शोषण का आरोप लगाते हुए FIR दर्ज कराई। महिला ने कहा कि 4 साल से सांसद शादी का झांसा देकर और नेता बनाने की बात कहकर यौन शोषण कर रहे थे। FIR दर्ज होने के बाद से सांसद अंडरग्राउंड हो गए। गुरुवार को पहली बार वह मीडिया से अपनी बात रखने आए। तभी उनको गिरफ्तार कर लिया गया था।

### हॉस्टल बाथरूम में कक्षा 5 के छात्र का शव मिला




**लखनऊ।** में मलिहाबाद स्थित सफा पब्लिक स्कूल के हॉस्टल में कक्षा पांच के छात्र का शव फांसी से लटका मिला। छात्र की पहचान खान अल्तमस (15) के रूप में हुई। साथी छात्रों ने शव देखकर स्कूल प्रबंधन को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक मूल रूप से बस्ती केपकोलियाका रहने वाला खान अल्तमस (15) का शव गुरुवार सुबह बाथरूम में लटकता मिला। इंस्पेक्टर मलिहाबाद के मुताबिक परिवार वालों को सूचना दे दी गई है। परिजनों की शिकायत और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। सिगरेट पीने पर टीचर ने डांटा मलिहाबाद इंस्पेक्टर बैजनाथ ने बताया कि छात्र तीन दिन पहले छत के रास्ते कुछ दोस्तों के साथ कूदकर सिगरेट पीने गया था। स्कूल प्रबंधन ने जानकारी होने पर उसको दोबारा ऐसा नहीं करने की हिदायत दी थी। साथ ही परिजनों को सूचना दी थी। उन्होंने बताया कि इसके बाद छात्र गुमसुम रहने लगा। आशंका है कि इसी के चलते उसने सुसाइड कर लिया। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। भाई को पता चला तो घर ले जाएंगे पुलिस पूछताछ में साथियों ने बताया कि स्कूल में सिगरेट पीने की जानकारी होने के बाद से अल्तमस परेशान था। प्रधानाचार्य ने उसके बस्ती के पकोलिया गांव निवासी भाई को सूचना दे दी थी। वह कह रहा था कि भइया आएंगे तो मारते हुए घर ले जाएंगे। इसी के चलते दो दिनों से किसी से कुछ नहीं बोल रहा था। भाई ने लगाया स्कूल प्रबंधन पर प्रताड़ना का आरोप अल्तमस के भाई खान अब्दुल कुद्दूस का आरोप है कि स्कूल प्रबंधन ने भाई की आत्महत्या की बात छुपाई। समय पर सूचना भी नहीं दी। स्कूल प्रबंधन की सख्ती और पिटाई से परेशान होकर भाई ने यह कदम उठाया है। प्रिंसपल अनटोनी थामस, सर अब्दुल हफीज और स्कूल प्रशासन के खिलाफ वहां के बच्चों ने भी यही बात बताई। परिजनों ने सीबीआई जांच की मांग घटना की सूचना पर पहुंचे अल्तमस के परिजनों ने पुलिस और योगी सरकार से पूरे प्रकरण की सीबीआई से जांच कराने की बात कही। उनका कहना है कि स्कूल में बच्चे को रात को छोटी से बात पर लंडे और लात-घूसों से पीटा गया। जिससे उसने डर कर यह कदम उठा लिया स्कूल में नहीं लगे सीसीटीवी कालेज में बच्चों की पढ़ाई के साथ रहने की भी व्यवस्था है, लेकिन कहीं भी सीसीटीवी नहीं लगाए गए हैं। जिससे पता चल सके कि वहां क्या होता है साथ के बच्चों ने बताया प्रबंधन सख्त अल्तमस के साथ पढ़ने वाले बच्चों ने स्कूल प्रबंधन के सख्त होने की बात कही।

# संपादकीय

## कैंसर की तरह फैलता भ्रष्टाचार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसद में कहा था कि भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के लिए एजेंसियों को खुली छूट दे दी है और इसमें सरकार का कोई हस्तक्षेप नहीं होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भ्रष्टाचार एक दीमक है जिसने देश को खोखला कर दिया है और वह देश को इस बुराई से मुक्त करने के लिए पूरे मनोयोग से काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के इस दृढ़निश्चय के बावजूद भारत में भ्रष्टाचार कैंसर की तरह फैलता जा रहा है। केंद्र की भाजपा सरकार हो या राज्यों में विपक्षी दलों की सरकारें, सभी भ्रष्टाचार के विरुद्ध बड़े दावे-वादे करती रहीं हैं, किन्तु यह समस्या सुरसा के मुंह की तरह विकराल होती जा रही है।



नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

भारत इस सूची मे पड़ौसी देशों की ज्यादा बुरी हालत पर कुछ राहत महसूस कर सकता है। भ्रष्टाचार की इस सूची में भारत के पड़ोसी देशों में पाकिस्तान 135 नंबर पर और श्रीलंका 121 पर हैं, जबकि बांग्लादेश की रैंकिंग और भी नीचे 149 पर चली गई है। इस लिस्ट में चीन 76वें स्थान पर है। डेनमार्क सबसे कम भ्रष्ट राष्ट्र होने की सूची में सबसे ऊपर है, उसके बाद फिनलैंड और सिंगापुर हैं।

भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक यानी सीपीआई दुनिया में सबसे व्यापक रूप से इस्तेमाल की जाने वाली वैश्विक भ्रष्टाचार रैंकिंग है। यह मापता है कि विशेषज्ञों और व्यवसायियों के अनुसार प्रत्येक देश का सार्वजनिक क्षेत्र कितना भ्रष्ट है। प्रत्येक देश का स्कोर 13 विभिन्न भ्रष्टाचार सर्वेक्षणों और आकलनों से प्राप्त कम से कम 3 डेटा स्रोतों लिया जाता है। ये सोर्स विश्व बैंक और विश्व आर्थिक मंच सहित विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों द्वारा एकत्र किए जाते हैं। सीपीआई की गणना करने की प्रक्रिया की नियमित रूप से समीक्षा की जाती है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि जारी की जाने वाली सूची यथासंभव मजबूत और सुसंगत है या नहीं। भारत में विदेशी निवेश अपेक्षाकृत नहीं आने का एक प्रमुख कारण भ्रष्टाचार है। भ्रष्टाचार के कारण भारत की अंतरराष्ट्रीय साख कमजोर है। विदेशी कंपनियां यहां निवेश करने से कतराती हैं। देश के उद्योगपति और लघु व मध्यम व्यवसायी इसकी मार से बच नहीं सके हैं। भारत एक तरफ वैश्विक ताकत बनने की दिशा में अग्रसर है, वहीं दूसरी तरफ भ्रष्टाचार की जंजीर इसके बढ़ते कदम को रोक रही है। ऐसा देश का शायद ही कोई चुनाव होगा जिसमें प्रधानमंत्री मोदी भ्रष्टाचार का जिक्र नहीं किया हो। मोदी ने लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव के दौरान भ्रष्टाचार पर प्रहार करने में कसर बाकी नहीं रखी। संसद में दिए गए भाषण में उन्होंने कहा था कि मेरे लिए भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई चुनावी जीत या हार के पैमाने पर नहीं है। मैं चुनाव जीतने या हारने के लिए भ्रष्टाचार से नहीं लड़ रहा हूं। यह मेरा मिशन है, मेरा विश्वास है। मेरा मानना है कि भ्रष्टाचार एक ऐसा दीमक है जिसने देश को खोखला कर दिया है। मैं इस देश को भ्रष्टाचार से मुक्त करने और आम लोगों के मन में भ्रष्टाचार के खिलाफ नफरत पैदा करने के लिए पूरे दिल से काम कर रहा हूं।

कोई भी एजेंसी जब किसी राज्य या विभाग में भ्रष्टाचार का मामला पकड़ती है तब इस गुनाह पर पर्दा डालने के लिए यही दलील दी जाती रही है कि भ्रष्टाचार को मिटाना है। इसके बावजूद एक के बाद एक भ्रष्टाचार के मामले सामने आते रहते हैं, पर कोई राजनीतिक दल यह दावा नहीं करता कि उनके शासित राज्य से भ्रष्टाचार पूरी तरह समाप्त हो चुका है। राज्य तो दूर की बात है कि बल्कि किसी दल में इतना भी साहस नहीं है कि यह कह सके कि कोई एक विभाग पूरी तरह भ्रष्टाचार से मुक्त है। फिर विभाग चाहे केंद्र सरकार के हों या राज्यों के। यह निश्चित है कि भ्रष्टाचार इस देश से तब तक नहीं मिटेगा जब तक नेताओं की कथनी और करनी में अंतर रहेगा। नेताओं के साथ नौकरशाहों की भी जिम्मेदारी तय किए बगैर भ्रष्टाचार को जड़ से उखाडना असंभव है।

## बूंदाबांदी से ठंड बढ़ी, रबि फसल को हुआ फायदा

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना क्षेत्र में बुधवार रात्री के समय तेज हवा व बादलवाई के बीच हुई 5 एमएम बारिश के बाद ठंड बढी हैं वहीं रबि फसलों को फायदा हआ है। बृहस्पतिवार दिनभर ठंडी हवा चलने से सर्दी का एहसास हुआ। बता दें कि कनीना ब्लाक में करीब 32 हजार हैक्टेयर कृषि योग्य भूमि है जिसमें से मुख्यत: 19500 हैक्टेयर भूमि पर सरसों तथा 9500 हैक्टेयर रक्बे में गेहूं फसल की बिजाई की गई है। लगातार तापमान बढने से सरसों में सफेद मरोडिया रोग पनपने की संभावना बनती जा रही थी लेकिन मौसम के करवट लेने के बाद फसलों को फायदा हुआ है। कृषि विभाग के एसडीओ डॉ अजय कुमार ने बताया कि शुक्रवार को भी मौसम बूंदाबांदी वाला रह सकता है। जिससे तापमान में गिरावट रहेगी। मौसम ठंडा रहने से रबि फसल में लाभ होगा।

# नपा चुनाव को लेकर मीडियाकर्मी पेड न्यूज व भ्रामक खबरों से बचें

### एसडीएम ने निष्पक्ष व शांतिपूर्वक चुनाव को लेकर दी जरूरी हिदायतें

### 10413 मतदाता करेगें चेयरमैन व पार्षदों के भाग्य का फैसला

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** आगामी 2 मार्च, रविवार, को होने वाले कनीना नगरपालिका चुनाव का नामांकन व चुनाव-चिन्ह अलाट करने का पहला चरण विधिवत पूरा होने के बाद चुनाव अधिकारी एसडीएम डॉ जितेंद्र सिंह अहलावत ने नगरपालिका कार्यालय में आयोजित पत्रकार सम्मेलन में पेड न्यूज व भ्रामक प्रचार से बचने ओर चुनाव की तैयारियों को लेकर चर्चा की। उन्होंने बताया कि कनीना में 14 वार्ड के लिए 14 मतदान केंद्र बनाए गए हैं जहां सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। सभी मतदान केंद्रो का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जाजया लिया जा चुका है। अभी तक कोई क्रीटीकल या संवेदनशील बूथ नहीं बनाया गया है फिर भी किसी बूथ पर जरूरत पडी तो अतिरिक्त सुरक्षा के इंतजाम किए जाएगें। नगर में 14 वार्डों के लिए कुल 10413 मतदाता हैं जिनमें 5376 पुरूष व 5037 महिला मतदाता शामिल हैं। उन्होंने मीडियाकर्मियों से कहा कि जाने-अनजाने में पेड न्यूज को स्थान न दिया जाए ओर ना ही चुनाव के दौरान किसी प्रकार की गलत व भ्रमक जानकारी इंटरनेट मीडिया या प्रिंट ओर इलेक्टोनिक मीडिया में न



दी जाए जिससे चुनाव कार्य प्रभावित होता हो। अधिकारियों की टीम भी चुनाव कार्य को लेकर लगातार मोनिटरिंग करेगी।

चेयरमैन के लिए 7 उम्मीद्वार डटे चुनाव मैदान में

चुनाव मैदान में 7 प्रत्याशी चेयरमैन पद व 41 प्रत्याशी वार्ड मेम्बर के रूप में हैं जिनके लिए मतदान होना है। 2 मार्च को सुबह आठ बजे से सायं छह बजे तक मतदान होगा। चुनाव मैदान में सुमन देवी, सरिता सिंह, रिंपी कुमारी, कुसुमलता, संतोष देवी, सबिता देवी व सुमन सहित सात महिला उम्मीद्वार चुनाव मैदान में डटे हुए हैं। जिनमें मुकाबला माना जा रहा है। इसी प्रकार 14 वार्डों के मुकाबले 41 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। जिनकी ओर से चुनाव प्रचार किया जाने लगा है।

वार्ड नम्बर एक से मंजू व निर्मला दो से सुनील कुमार व दीपक सिंह तीन से उषा यादव,सुमेर सिंह व थान सिंह चार से अंजू,रेखा रानी, रेखा व प्रियंका सोनी पांच से कमल यादव, राजकुमार व पंचम यादव छह से हेमराज, संदीप कुमार व राकेश कुमार सात से उषा देवी, राजेश देवी व कमला देवी आठ से नीलम कुमारी व पूजा नो से राजेश कुमार, सजन सिंह, नितेष गुप्ता, पूनम कुमार व दीपक कुमार 10 से नितिन, योगेश व अनिल कुमार 11 से होशियार सिंह व रविंद्र कुमार 12 से राखी कुमारी, पूनम यादव व सुमन देवी 13 से ममता, प्रदीप यादव, सुबेसिंह व देशराज 14 से राजेंद्र सिंह व अनूप यादव चुनाव मैदान में है। एक,दो,आठ, 11 व 14 वार्डों में दो-दो प्रत्याशी रहने से उनमें कडा मुकाबला माना जा रहा है।

चुनाव अधिकारी एसडीएम डॉ जितेंद्र सिंह अहलावत ने बताया कि कनीना में नपा प्रधान का पद सामान्य वर्ग की महिला के लिए आरक्षित किया गया है। उन्होंने बताया कि 12 तारीख को सुबह आठ बजे से कडी सुरक्षा के बीच राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कनीना में मतगणना की जायेगी। इस मौके पर चुनावी कानूनगो पूनम सिंह, विक्रम सिंह, लेखाकार मनोज कुमार व अन्य कर्मचारी उपसथित थे।

# मेडिकल कॉलेज में सुधार के लिए चारों कांग्रेस विधायकों का विरोध प्रदर्शन

### आफताब अहमद की अध्यक्षता में भाजपा सरकार को घेरा

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** नूंह के नल्लहड स्थित शहीद हसन खान मेवाती मेडिकल कॉलेज में व्यापक आवश्यक सुधार के लिए कांग्रेस के चारों विधायक चौधरी आफताब अहमद की अगुवाई में धरना-प्रदर्शन में शामिल हुए। कार्यक्रम का आयोजन जिला कांग्रेस संयोजक महताब अहमद ने किया।

कांग्रेस के नूंह विधायक आफताब अहमद ने मेडिकल कॉलेज की बदहाली के लिए सीधे तौर पर भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि बीते 11 सालों से सत्ता में बैठी भाजपा की मंशा ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि एक तरफ वो कांग्रेस सरकार थी जिन्होंने नूंह को शहीद हसन ख़ान मेडिकल कॉलेज की सौगात दी, देश में पहला ऐतिहासिक मेवात कैडर दिया, कोटला झील दी, नूंह से गुड़गांव फोर लेन रोड बनाया, महिला कॉलेज सालाहेड़ी बनाया, कस्तूरबा गांधी विद्यालय बनाए, आरोही मॉडल स्कूल बनाए, इंजीनियरिंग कॉलेज बनाए, बहुतकनीकि संस्थान बनाए, आईटीआई बनवाए, औद्योगिक विकास की तरफ कदम उठाए, राजीव गांधी पेयजल योजना शुरु कराई।

विधायक आफताब अहमद ने कहा कि वहीं दूसरी तरफ वो भाजपा सरकार है जिन्होंने 2014 में सत्ता में आते ही डॉक्टरों को मिलने वाला भत्ता रोक दिया। स्कूलों से जिले के बाहर शिक्षक ट्रांसफर कर दिए, कोरोना में वेंटिलेटर उठा लिए। शिक्षा की प्रणाली स्कूलों में आधे से अधिक पद रिक्त कर खराब हो रही है तो स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में सरकार फैल रही है क्योंकि सरकार कभी डाक्टरों का भत्ता रोक लेती है तो कभी दवाई उपलब्ध नहीं कराती।

विधायक आफताब अहमद ने कहा कि 2014 के बाद से आज तक भाजपा सरकार मेडिकल कॉलेज में स्थाई डाक्टर नियुक्त नहीं कर पाई। ये सरकार की मंशा और मानसिकता को बखूबी दर्शाता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार में मेडिकल कॉलेज ठीक चल रहा था, रोजाना हजारों लोग ईलाज के लिए कई जिलों और राजस्थान उत्तर प्रदेश तक से आते थे। लेकिन आज मेडिकल कॉलेज एक रेफरल अस्पताल में तब्दील होता जा रहा है। आफताब अहमद ने कहा कि डॉक्टरों के भत्ते तक रोक देना और सुविधाओं को खत्म करना शर्मनाक है। अगर थोड़ा बहुत ये मेडिकल कॉलेज चल रहा है तो वो स्थानीय कांग्रेस विधायकों के सदन में लगातार आवाज बुलंद करने की वजह से है।

विधायक आफताब अहमद ने ऐलान किया कि भाजपा सरकार ये




ना समझे कि चारों विधायक एक दिन का धरना-प्रदर्शन कर चले गए, अगर हालात नहीं बदले तो ईद बाद ये धरना-प्रदर्शन विशाल स्तर पर लंबा किया जा सकता है।

विधायक आफ़ताब अहमद ने कहा कि भाजपा सरकार इस धरना-प्रदर्शन से सबक लेकर मेडिकल कॉलेज को सुधारे हालांकि जरूरत विश्वविद्यालय, ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल, नूंह अलवर राष्ट्रीय राजमार्ग चौड़ीकरण, यूनानी कॉलेज आंकेडा पूरा करने, कोटला झील विस्तारीकरण आदि की भी है लेकिन फिलहाल मुख्य मुद्दा मेडिकल कॉलेज नल्लहड में सुधार का उठाया है।

पुन्हाना विधायक चौधरी मौहम्मद इल्यास ने कहा कि राजकीय शहीद हसन खान मेवाती मेडिकल कॉलेज नल्हड़ इलाज के नाम पर सफेद हाथी साबित हो रहा है। इस मेडिकल कॉलेज में फैकल्टी, डॉक्टर के अलावा सीनियर रेजिडेंट और जूनियर रेजिडेंट की भारी कमी है, डॉक्टरों की कमी के साथ-साथ अन्य स्टाफ का भी घोर अभाव के कारण मरीजों को पर्याप्त इलाज नहीं मिल पा रहा है। रही सही कसर दवाइयों की कमी और मशीनों का खटारा हो जाना पूरी कर रहा है। भाजपा सरकार मेवात के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है उम्मीद है धरना-प्रदर्शन से सरकार की नींद खुलेगी।

फिरोजपुर झिरका विधायक इंजीनियर मामन खान ने कहा कि शहीद हसन खान मेवाती मेडिकल कॉलेज नल्हड़ 94 एकड़ भूमि में बना हुआ है, यह हॉसपिटल तकरीबन 500 करोड़ रुपये की लागत से कांग्रेस सरकार तैयार हुआ था, इस मेडिकल कॉलेज में हालात इस कदर खराब हो चुके हैं कि मरीजों को अल्ट्रासाउंड और एक्स-रे मशीन की सुविधा भी नहीं मिल पा रही है। अधिकतर मरीजों को इस मेडिकल कॉलेज से अन्य जगह पर रेफर किया जाता है, मरीजों का ऑपरेशन कई- कई महीने तक नहीं हो पाता इससे भाजपाई सरकार की भेदभावपूर्ण और गलत मंशा जाहिर होती है।

हथीन विधायक मौहम्मद इसराइल कोट ने कहा कि धरना-प्रदर्शन का मकसद भाजपा सरकार को नींद से जगाना है जो सालों से कुंभकर्ण नींद में है। अगर धरना-प्रदर्शन के बाद भी हालात नहीं सुधरे तो सड़क से लेकर विधानसभा तक भाजपा सरकार के खिलाफ मोर्चा खोला जाएगा।

कार्यक्रम के आयोजक महताब अहमद ने कहा कि शहीद हसन खान मेडिकल कॉलेज प्रदेश का दूसरा मेडिकल कॉलेज है बल्कि पहला मेडिकल कॉलेज संयुक्त पंजाब में पीजीआई रोहतक बना था। ये दर्शाता है कि कांग्रेस की पूर्व सरकार इस इलाक़े की सेहत का कितना ध्यान रखती थी और 11 सालों से कुंभकर्ण नींद सो रही भाजपा सरकार इलाके से भेदभावपूर्ण रवैया अख्तियार कर रही है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि इसे रेफरल अस्पताल नहीं बल्कि एक हायर सेंटर फॉर हेल्थके रुप में भाजपा सरकार विकसित करे।

इसके अलावा इकबाल जैलदार, अख्तर हुसैन काटपूरी, युथ अध्यक्ष मुबीन तेड सहित सैंकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# रमजान के पवित्र महीने में निर्बाध बिजली और स्वच्छता की मांग को लेकर उपायुक्त नूंह को सौंपा ज्ञापन



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** जमीयत उलमा हल्का नूह के जिम्मेदारों ने आज उपायुक्त, जिला नूह को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें रमजान के महीने में यूनिंटररप्टेड बिजली, स्वच्छ पेयजल, मस्जिदों व सार्वजनिक स्थलों के आसपास साफ-सफाई तथा परीक्षा केंद्रों पर आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने की मांग की गई। ज्ञापन में विशेष रूप से तरावीह व इबादत के दौरान बगैर किसी कटौती के बिजली आपूर्ति, अत्यधिक गर्मी के दौरान निरंतर बिजली व्यवस्था, मस्जिदों व सार्वजनिक स्थलों के आसपास स्वच्छता व्यवस्था तथा परीक्षा केंद्रों पर बिजली और जलापूर्ति सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

उपायुक्त नूह ने इस पर तुरंत संज्ञान लेते हुए प्रशासन को आवश्यक कदम उठाने के आदेश जारी किए। इस मौके पर जमीयत उलमा मुत्ताहिदा पंजाब के पूर्व जनरल सेक्रेटरी हजरत मौलाना शौकत अली साहब, जमीयत उलमा हल्का नूह के जनरल सेक्रेटरी कारी अब्दुल खालिक साहब, जमाल इंजीनियर साहब, डॉक्टर मरदान अली, वाजिद हुसैन चन्देनी सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं जमीयत के कार्यकर्ता उपसथित रहे। जमीयत ने प्रशासन से अपील की कि रमजान के दौरान जनता को किसी भी असुविधा का सामना न करना पड़े और समुचित व्यवस्था समय पर सुनिश्चित की जाए।

## चुनाव के दौरान प्रत्याशी आपसी भाईचारा खराब न करें : जितेंद्र सिंह



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** चुनाव अधिकारी एसडीएम डॉ जितेंद्र सिंह अहलावत ने नपा कार्यालय के सभागार में आयोजित प्रत्याशियों, उनके एजेटों के साथ बैठक कर चुनाव सम्बंधी जरूरी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि चुनाव में आपसी भाईचारा खराब न हो इस बात का ध्यान रखा जाए। प्रत्याशी व्यक्तिगत व जातिगत आरोप-प्रत्यारोप से बचें ओर पूर्व की भांति सद्भाव का परिचय दें। उन्होंने कहा कि सभी प्रत्याशी चुनावी खर्चे का ब्योरा रखें ओर इसके लिए अलग से खाता खुलवाएं। इसके लिए एक्सपेंडिचर आब्जर्वर संजय शर्मा को नियुक्त किया गया है जो खर्चे पर नजर रखेगें।

# संत निरंकारी पब्लिक स्कूल में स्नातक दिवस समारोह

**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** संत निरंकारी पब्लिक स्कूल, सेक्टर - 16 ए, फरीदाबाद में प्री- प्राइमरी का स्नातक दिवस समारोह बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया।

यह कार्यक्रम मुख्य अतिथि श्रीमती राज कुमारी (अध्यक्षा, संत निरंकारी मंडल) और सम्मानित अतिथि राधे श्याम (एस.एन.सी.एफ. के मेंबर एजुकेशन) के साथ-साथ श्रीमती रमन सिंह मनहास (संत निरंकारी पब्लिक स्कूलों की प्रशासिका), श्रीमती नरेंद्र बत्रा (संयोजक, खेल और समारोह समिति), महेश चंद (संयोजक, संत निरंकारी मंडल, फरीदाबाद), संजय (मुखी, फरीदाबाद), श्रीमती कंचन कुमार (सदस्या, समारोह समिति), वी.के.




अरोड़ा (अध्यक्ष), एन.एस. चौहान (प्रबंधक) और अंकित ओझा (पूर्व छात्र) सहित कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में मनाया गया। कार्यक्रम में स्थानीय प्रबंधन समिति के सदस्य श्रीमती प्रभा मल्होत्रा, श्रीमती अनीता नागपाल, श्रीमती संजुला चौधरी, सुनील मल्होत्रा और पवन डावर भी उपसथित थे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। उसके बाद भावपूर्ण शबद और सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया।

छात्रों को स्नातक प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही जीवंत सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। मुख्य अतिथि ने नन्हे- नन्हे बच्चों को आशीर्वाद दिया और पुरस्कार वितरित किए तथा छात्रों को भविष्य की सफलता के लिए प्रेरित किया।

स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती ममता अरोड़ा ने सभी अतिथियों व अभिभावकों का धन्यवाद किया तथा कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## कनीना के विकास पर रहेगा फोकस : सरिता जसवंत




**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना नगरपालिका चुनाव के लिए चेयरमैन पद की उम्मीद्वार सरिता जसवंत सिंह ने बृहस्पतिवार को अपने कार्यालय में मीडिया कर्मियों से मुखातिब होकर 28 बिंदु वाला घोषणा पत्र जारी किया। जिसमें मुख्यत: कस्बे के विकास तथा आमजन की समस्याओं के समाधान पर फोकस किया गया है। शिक्षित युवाओं के लिए वाईफाई जोन व डिजीटल लाईब्रेरी सहित स्वच्छता बनाए रखने एवं बिजली के झूलते तारों से निजात दिलाने की बात कही गई है। इस मौके पर जयवंत सिंह यादव,सुदंर सिंह सहित अन्य नागरिक उपसथित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### हसीना का प्रत्यर्पण बांग्लादेश की अंतरिम सरकार की प्राथमिकता : प्रवक्ता

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मुहम्मद यूनुस के कार्यालय ने मंगलवार को कहा कि अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना का भारत से प्रत्यर्पण उनके देश की प्राथमिकता है। मुख्य सलाहकार यूनुस के प्रेस सचिव शफीक-उल आलम ने संवाददाताओं से कहा, ''यह सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है।'' उन्होंने बताया कि ढाका हसीना को प्रत्यर्पित करने के अपने प्रयासों को जारी रखेगा ताकि व्यक्तिगत तौर पर उन पर मुकदमा चलाया जा सके। आलम ने कहा कि एक भारतीय मीडिया समूह द्वारा किए गए सर्वेक्षण से पता चला है कि 55 प्रतिशत भारतीय चाहते हैं कि उन्हें वापस ढाका लाया जाए, जबकि कुछ प्रतिशत उन्हें दूसरे देश भेजना चाहते हैं और केवल 16-17 प्रतिशत चाहते हैं कि वे भारत में ही रहें।



### नाइजीरिया में विद्रोहियों को निशाना बनाकर किए गए सैन्य हवाई हमले में कई नागरिकों की मौत



**अबुजा, एजेंसी।** नाइजीरिया में विद्रोहियों द्वारा पुलिस को निशाना बना कर हमले किए जाने के बाद सैन्य बलों ने विद्रोहियों पर हमले किए जिसमें कई आम नागरिक मारे गए। नाइजीरियाई वायु सेना ने कटसीना राज्य के सफाना क्षेत्र में मारे गए नागरिकों की संख्या का खुलासा नहीं किया लेकिन प्रवक्ता ओलुसोला अकिनबोयेवा ने एक बयान में कहा कि हताहतों की संख्या पता लगाई जा रही है। अकिनबोयेवा ने नागरिकों के हताहत होने की खबर को ''बेहद परेशान करने वाला'' बताया और कहा कि वायु सेना ने पुलिस पर विद्रोहियों के हमले के जवाब में यह हमला किया है। वहीं अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार समूह 'एमनेस्टी इंटरनेशनल' ने एक बयान में कहा कि हवाई हमले में कम से कम 10 लोग मारे गए। मानवाधिकार समूह ने हवाई हमले को नाइजीरियाई सेना की ओर से मानवाधिकारों के उल्लंघन की कड़ी में नयी घटना बताया और सरकार से इसकी स्वतंत्र जांच कराने का आग्रह किया। इस वर्ष यह दूसरी बार है जब नाइजीरिया के अशांत उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में सैन्य हवाई हमले में आम नागरिक मारे गए। नाइजीरिया की सेना अक्सर देश के उत्तरी हिस्से में अस्थिरता पैदा करने वाले चरमपंथियों का खात्मा करने के लिए हवाई हमले करती है। लागोस के 'एसबीएम इंटेलिजेंस रिसर्च फर्म' के अनुसार 2017 से अब तक हवाई हमलों में करीब 400 नागरिक मारे गए हैं।

### ट्रंप बोले- बाइडन युग के सभी अटॉर्नी बर्खास्त होंगे

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन के कार्यकाल में न्याय विभाग के राजनीतिकरण का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा, पहले कभी न्याय विभाग का इतना राजनीतिकरण नहीं हुआ। ट्रंप ने कहा, मैंने बाइडन युग के सभी अमेरिकी अटॉर्नी को बर्खास्त करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा, हमें तुरंत सफाई कर लोगों का विश्वास बहाल करना चाहिए। बकौल ट्रंप, अमेरिका के स्वर्ण युग में एक निष्पक्ष न्याय प्रणाली होनी, जिसकी शुरुआत आज से होनी चाहिए।

### पाकिस्तान में सुरक्षा बलों ने 30 आतंकवादी मार गिराए

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** सुरक्षा बलों ने उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में खुफिया सूचना आधारित अभियान (आईबीओ) में 30 आतंकवादियों को मार गिराया। सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने मंगलवार को बताया कि सुरक्षा बलों को आतंकवादियों की मौजूदगी की जानकारी थी। सोमवार को दक्षिण वजीरिस्तान जिले के सरोघा क्षेत्र में आतंररोधी अभियान चलाया गया। सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों के ठिकाने पर प्रभावी तरीके से कब्जा कर लिया और 30 आतंकियों को मार गिराया। प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ और राज्यपाल खैबर पख्तूनख्वा ने सफल सैन्य अभियान के लिए पाकिस्तान सशस्त्र बलों को बधाई दी।

### हमास शनिवार को छह जीवित बंधकों को और रिहा करेगा, चार शव भी सौंपे जाएंगे

**इजराइल, एजेंसी।** हमास के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि समूह शनिवार को छह इस्राइली बंधकों को रिहा करेगा। साथ ही गुरुवार को चार इस्राइली बंधकों के शव भी लौटाए जाएंगे। इस्राइल द्वारा तबाह हो चुके गाजा पट्टी में मोबाइल घरों और निर्माण उपकरणों को अनुमति देने के बाद से बंधकों की रिहाई में आश्चर्यजनक तेजी आई है। हमास नेता खलील अल हय्या ने मंगलवार को जारी एक बयान में बताया कि जिन मृतकों के शव सौंपे जाएंगे, उनमें बिबास परिवार के सदस्य शामिल हैं। इनमें दो छोटे बच्चे और उनकी मां शामिल है।

## अमेरिका से निकाले गए करीब 300 लोग, पनामा के होटल में रोके गए; प्रवासियों के वापसी की प्रक्रिया जारी



**पनामा सिटी, एजेंसी।** पनामा में लगभग 300 लोगों को एक होटल में रोका गया है, जिन्हें अमेरिका ने निकाला है। ये लोग अलग-अलग देशों के हैं और जब तक उनकी वापसी की व्यवस्था नहीं हो जाती, तब तक उन्हें होटल से बाहर जाने की अनुमति नहीं है। अधिकारियों के अनुसार, 40% से ज्यादा प्रवासी अपने देश लौटने के लिए तैयार नहीं हैं। होटल में बंद प्रवासियों ने खिड़कियों पर संदेश लगाए हैं, जिनमें लिखा है - मदद करें और हम अपने देश में सुरक्षित नहीं हैं।

**10 एशियाई देशों से आए हैं प्रवासी :** ये प्रवासी 10 एशियाई देशों से आए हैं, जिसमें ईरान, भारत, नेपाल, श्रीलंका, पाकिस्तान, अफगानिस्तान और चीन के लोग शामिल हैं। अमेरिका के लिए इन देशों में सीधा निर्वासन करना मुश्किल है, इसलिए पनामा को एक रास्ते का ठहराव के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। इसी तरह का एक और डिपोर्टेशन फ्लाइट बुधवार को कोस्टा रिका पहुंचने की उम्मीद है।

**प्रवासी को दी जा रही बुनियादी सुविधाएं :** पनामा के सुरक्षा मंत्री फ्रैंक एब्रेगो ने कहा कि ये प्रवासी चिकित्सा सुविधा और भोजन प्राप्त कर रहे हैं। यह पूरी व्यवस्था अमेरिका और पनामा के बीच हुए एक समझौते के तहत हो रही है। अमेरिका इस पूरे ऑपरेशन का खर्च उठा रहा है। वहीं पनामा के राष्ट्रपति जोसे राउल मुलिनो, जो ट्रंप की पनामा नहर पर नियंत्रण को लेकर दी गई धमकियों के कारण राजनीतिक दबाव में हैं, ने पिछले गुरुवार को पहली डिपोर्टेशन फ्लाइट के आने की घोषणा की थी। लेकिन इन प्रवासियों की बंदी जैसी स्थिति को लेकर पनामा में चिंता बढ़ रही है। कुछ प्रवासियों की खिड़कियों से झांकते और मदद की अपील करते हुए तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। हालांकि, मंत्री फ्रैंक एब्रेगो का कहना है कि ये लोग कैद में नहीं हैं, लेकिन फिर भी उन्हें होटल के कमरों से बाहर जाने की अनुमति नहीं है। होटल की सुरक्षा पुलिस की तरफ से की जा रही है।

**अपने देशों को लौटने के लिए तैयार प्रवासी :** अब तक 299 में से 171 प्रवासी अंतरराष्ट्रीय संगठनों की मदद से अपने-अपने देशों को लौटने के लिए तैयार हो गए हैं। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी (यूएनएचसीआर) और अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) बाकी 128 लोगों के लिए समाधान खोज रहे हैं, ताकि वे किसी तीसरे देश में बस सकें। एक आयरलैंड की नागरिक पहले ही अपने देश लौट चुकी है। जो प्रवासी अपने देश वापस जाने के लिए तैयार नहीं हैं, उन्हें पनामा के दारिएन प्रांत के एक विशेष केंद्र में रखा जाएगा। पनामा के मानवाधिकार विभाग ने मंगलवार को इन प्रवासियों की स्थिति को लेकर और जानकारी देने की घोषणा की है।

**उ. कोरिया ने अमेरिका एशियाई पड़ोसियों की योजनाएं बेतुकी बताई : सियोल, एजेंसी।** उत्तर कोरिया ने उसके परमाणु कार्यक्रमों को रोकने को 'बेतुकी' योजना बताते हुए अमेरिका व अपने एशियाई पड़ोसी देशों की मंगलवार को आलोचना की। उसने कहा कि वह अपने नेता किम जोंग-उन के नेतृत्व में अपनी परमाणु ताकत का विस्तार करने का प्रयास जारी रखेगा। उत्तर कोरिया के विदेश मंत्रालय ने चेतावनी देते हुए कहा, यदि उसे लगेगा कि उसकी सुरक्षा खतरे में है तो वह अपने प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ 'निर्णायक जवाबी कार्रवाई' करेगा।

## एक्स गर्लफ्रेंड से किसी और ने की बात, शख्स ने 1000 किलोमीटर की दूरी तय कर जला दिया घर





**वाशिंगटन, एजेंसी।** अपनी गर्लफ्रेंड के लिए कुछ भी कर गुजरने के मामले आपने पहले भी सुने होंगे। हालांकि अमेरिका के शख्स ने अपनी एक्स गर्लफ्रेंड के लिए ऐसा कुछ किया है, जिसे सुनकर आप भी हैरत में पड़ जाएंगे। इस शख्स को किसी लड़के का अपनी एक्स गर्लफ्रेंड से बात करना पसंद नहीं आया। इसके बाद उसने हजार किलोमीटर से ज्यादा की दूरी तय कर उस लड़के के घर को आग के हवाले कर दिया। जानकारी के मुताबिक उस वक्त घर में कम से कम छह लोग थे, जिन्हें बाद में बचा लिया गया। रिपोर्ट के मुताबिक इस आग में दो कुत्तों की मौत हो गई। वहीं छह घायल लोगों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पतालों में ले जाया गया। पुलिस ने बताया है मिशिगन के इस शख्स को हत्या की कोशिश और दूसरे छह मामलों गिरफ्तार किया गया है। सोमवार को जारी किए गए बेन्सलेम पुलिस विभाग के बयान के मुताबिक पुलिस को 10 फरवरी को सुबह करीब 5 बजे पेंसिल्वेनिया के बेन्सलेम में एक घर में आग लगने की सूचना मिली। इमरजेंसी टीम और दमकलकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर देखा कि दो मंजिला घर पूरी तरह से आग की लपटों में घिरा हुआ था जहां छह लोग किसी तरह से बाहर निकलने की कोशिश कर रहे थे। कुछ लोगों को जान बचाने के लिए खिड़कियों से कूदना पड़ा। पुलिस की जांच में बाद में यह बात सामने आई कि यह आग जानबूझकर लगाई गई थी। सीसीटीवी कैमरे में कैद वीडियो में एक शख्स किसी चीज को लेकर गाड़ी से निकलते, घर की ओर चला जाते और लगभग 15 मिनट बाद कार में वापस आता हुआ दिखा। संदिग्ध के इलाके से भागने के कुछ ही देर बाद घर में आग लगी। इसके बाद कार की पहचान कर पुलिस ने मिशिगन के ब्रायन जोन्स का पता लगा लिया।

## पोप फ्रांसिस के दोनों फेफड़ों में निमोनिया, हालात गंभीर; रोम के अस्पताल में इलाज जारी

**वेटिकन, एजेंसी।** वेटिकन प्रमुख पोप फ्रांसिस के दोनों फेफड़ों में निमोनिया हो गया है। वेटिकन के मुताबिक, उनकी हालत लगातार गंभीर बनी हुई है। 88 साल के कैथोलिक चर्च प्रमुख पिछले एक हफ्ते से फेफड़ों के इन्फेक्शन से जूझ रहे हैं। उन्हें शुक्रवार को रोम के अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

## ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति बोलसोनारो पर तख्तापलट की कोशिश का आरोप, 2022 में चुनाव हारे थे

**ब्राजिलिया, एजेंसी।** ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जैर बोलसोनारो पर 2022 में चुनावी हार के बाद सत्ता में बने रहने के लिए तख्तापलट की साजिश रचने का आरोप लगाया गया है। मंगलवार को प्रोसीक्यूटर जनरल पाउलो गोनेट ने बोलसोनारो और 33 अन्य लोगों आरोप लगाए। आरोप है कि इस प्लान में वर्तमान राष्ट्रपति लूला डा सिल्वा को जहर देने और सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश एलेक्जांद्रे डी मोराइस की हत्या करने की साजिश करना शामिल था।

## रवांडा समर्थित विद्रोहियों ने पूर्वी कांगो के तीसरे शहर पर किया हमला

**दाकर, एजेंसी।** रवांडा समर्थित विद्रोही संगठनों ने मंगलवार को पूर्वी कांगो के तीसरे शहर पर हमला किया है। विद्रोही संगठन पहले ही पूर्वी कांगो के दो प्रमुख शहरों पर कब्जा कर चुके हैं। गौरतलब है कि पूर्वी कांगो खनिजों के मामले में काफी धनी है और अहम वैश्विक तकनीक के लिए ये खनिज बेहद अहम हैं और इसी वजह से पूरी दुनिया की नजरें कांगो के हालात पर टिकी हुई हैं।

**गोमा शहर पर कब्जे के दौरान मारे गए थे तीन हजार लोग :** रवांडा समर्थित विद्रोही संगठन एम23 के उग्रवादियों ने मंगलवार को पूर्वी कांगो के प्रमुख शहर बुटेम्बो में कांगो सेना के ठिकानों पर हमला किया। करीब डेढ़ लाख की आबादी वाले इस शहर में हालात तेजी से बिगड़ रहे हैं और उग्रवादी संगठन तेजी से अपनी स्थिति को मजबूत कर रहे हैं। बीते महीने एम23 और अन्य उग्रवादी संगठनों ने पूर्वी कांगो के गोमा शहर पर कब्जा किया था। उस लड़ाई में करीब 3000 लोग मारे गए थे। बुटेम्बो और गोमा के बीच की दूरी करीब 210 किलोमीटर है। ऐसे में उग्रवादी संगठनों की लगातार मजबूत हो रही स्थिति का सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। इसी हफ्ते विद्रोहियों ने पूर्वी कांगो के बुकावु शहर पर भी कब्जा कर लिया था। गौरतलब है कि इस क्षेत्र में सोने और कोल्टन के भंडार हैं। साथ ही मोबाइल फोन, लैपटॉप में इस्तेमाल होने वाले कैपिसिटर्स को बनाने में जिन खनिजों का इस्तेमाल होता है, उनके भी भंडार पूर्वी कांगो में मौजूद हैं। मंगलवार को विद्रोही गुटों ने कामनयोला शहर पर भी कब्जा कर लिया और अब विद्रोही गुटों के रणनीतिक रूप से अहम यूविरा शहर पर भी कब्जा करने की आशंका बढ़ गई है। विश्लेषकों का मानना है कि विद्रोही कांगो में राजनीतिक ताकत



हासिल करना चाहते हैं और इसी के तहत उन्होंने गोमा शहर पर कब्जे के बाद वहां अपना मेयर भी नियुक्त कर दिया है। साथ ही गोमा में जनगणना कराने का भी एलान कर दिया गया है। माना जा रहा है कि विद्रोही शहर पर अपना कब्जा बरकरार रखेंगे।

**क्या है लड़ाई की वजह :** 100 से ज्यादा विद्रोही संगठन मिलकर कांगो पर हमला कर रहे हैं। इनमें एक प्रमुख संगठन है एम23। इस संगठन में करीब चार हजार लड़ाके रवांडा के हैं। रवांडा का आरोप है कि साल 1994 में रवांडा के अल्पसंख्यकों तुत्सीस और उदारवादी हुतुस जनजाति के लोगों का नरसंहार किया गया और इस नरसंहार के पीछे कट्टरपंथी हुतु लोग शामिल थे। रवांडा का कहना है कि अब उन्हीं कट्टरपंथी हुतु जनजाति के लोगों को कांगो की सेना में भर्ती किया जा रहा है। रवांडा का कहना है कि वे तुत्सीस और उदारवादी हुतु लोगों की सुरक्षा के लिए कांगो में बदलाव लाना चाहता है और उसे एक असफल राष्ट्र से आधुनिक राष्ट्र बनाना चाहता है। हालांकि विश्लेषकों को रवांडा के इस दावे पर शक है और उनका कहना है कि रवांडा की नजरें कांगो के खरबों डॉलर की कीमत वाली खनिज संपदा पर है और रवांडा कांगो पर कब्जा कर उसकी खनिज संपदा का अपने फायदे के लिए दोहन करना चाहता है।

## गाजा युद्ध विराम समझौते के अगले चरण को लागू करने के लिए तैयार : हमास

**गाजा, एजेंसी।** हमास ने गाजा युद्ध विराम समझौते के दूसरे और तीसरे चरण को लागू करने की अपनी इच्छा जाहिर की। फिलिस्तीनी ग्रुप ने गाजा छोड़ने की इजरायली मांग भी नकार दी। हमास के प्रवक्ता हजम कासिम ने एक बयान में कहा कि समूह मध्यस्थ के अनुरोध पर रिहा किए जाने वाले इजरायली बंधकों की संख्या को दोगुना करने पर सहमत है, जो समझौते के प्रति इसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

सिन्हुआ समाचार एजेंसी के मुताबिक कासिम ने हमास को गाजा छोड़ने की इजरायली मांगों को खारिज करते हुए इसे %मनोवैज्ञानिक युद्ध% का हिस्सा बताया। उन्होंने जोर देकर कहा कि हमास इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की इस मांग को स्वीकार नहीं करेगा कि समूह निरस्त्र हो जाए और उसके नेताओं को गाजा से निकाल दिया जाए। इससे पहले इजरायल के सार्वजनिक प्रसारक ने बताया कि नेतन्याहू ने युद्ध विराम समझौते के दूसरे चरण के लिए बातचीत शुरू करने का



आधिकारिक तौर पर फैसला किया और अपने फैसले के बारे में सुरक्षा कैबिनेट को सूचित किया।

इससे पहले शनिवार को हमास और इजरायल ने बंधकों के बदले कैदियों की छठी अदला-बदली पूरी की। इस अदला-बदली में हमास ने गाजा में बंधक बनाए गए तीन और इजरायली बंधकों को रिहा किया, जबकि इजरायली अधिकारियों ने 369 फिलिस्तीनी कैदियों और बंदियों को रिहा किया। 19 जनवरी से प्रभावी और छह सप्ताह तक चलने वाले संघर्ष विराम समझौते के पहले चरण के तहत, लगभग 2,000 फिलिस्तीनियों के बदले में 33 इजरायली बंधकों को रिहा किए जाने की उम्मीद है।

अब तक, 19 इजरायली बंधकों के साथ-साथ पांच थाई लोगों को गाजा से रिहा किया जा चुका है, जबकि इजरायली अधिकारियों ने 1,000 से अधिक फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा किया है। इजरायल और हमास को फरवरी की शुरुआत में दूसरे चरण की बातचीत शुरू करनी थी। हमास ने 4 फरवरी को एक बयान में कहा कि उसने अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थों के साथ चर्चा शुरू कर दी है, जबकि नेतन्याहू के प्रवक्ता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि इजरायल ने अभी तक दूसरे चरण की बातचीत शुरू नहीं की। समझौते के दूसरे चरण में शेष बंधकों की रिहाई, फिलिस्तीनी क्षेत्र से इजरायली सेना की पूर्ण वापसी और स्थायी युद्धविराम के कार्यान्वयन पर ध्यान केंद्रित किया जाना है।

## जापानी प्रधानमंत्री पर हमला करने वाले को 10 साल सजा

**टोक्यो, एजेंसी।** जापान के पूर्व प्रधानमंत्री फोमियो किशिदा पर हमले के दोषी शख्स को 10 साल की सजा सुनाई गई है। बुधवार को वाकायामा जिला अदालत ने सजा का ऐलान किया। हमलावर का नाम रयूजी किमुरा (25) है,उसे 5 आरोपों में दोषी ठहराया गया है। उसने 15 अप्रैल 2023 को वाकायामा शहर में एक चुनावी रैली के दौरान किशिदा पर एक स्मोक बम फेंका था। हमले में किशिदा बच गए थे, लेकिन 2 अन्य लोग घायल हुए थे। किमुरा को पुलिस ने मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया था। उसके बैग से एक चाकू भी बरामद किया गया था। फरवरी की शुरुआत में मुकदमे की सुनवाई के दौरान, किमुरा ने हत्या की कोशिश के आरोप से इनकार किया था। उसने दावा किया कि उसका इरादा किशिदा को मारने का नहीं था।

**प्रधानमंत्री किशिदा निचले सदन के उपचुनाव के लिए कैंपेन कर रहे थे :** जापान टाइम्स के मुताबिक किशिदा वाकायामा शहर में एक इलेक्शन रैली में भाषण देने पहुंचे थे। स्थानीय समयानुसार धमाका 15 अप्रैल सुबह 11:30 बजे हुआ। इसके बाद करीब 1 बजे प्रधानमंत्री किशिदा ने वाकायामा शहर में अपनी स्पीच पूरी की। उन्होंने कहा- हम इलेक्शन कैंपेन के बीच मौजूद हैं। हमें इसे जारी



रखना चाहिए। 2022 में रैली के दौरान ही शिंजो आबे पर हैंडमेड गन से हमला हुआ था जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की 8 जुलाई 2022 को रैली में गोली मारकर हत्या की गई थी। वे आबे नारा शहर में इलेक्शन कैंपेन के दौरान स्पीच दे रहे थे। उसी दौरान 42 साल के हमलावर ने पीछे से फायरिंग की थी। उन पर कैमरे जैसी दिखने वाली हैंडमेड गन से हमला किया गया था। फायरिंग के बाद आई फोटो से इसका खुलासा हुआ था। हमलावर ने गन को इस तरह डिजाइन किया था कि वह कैमरे जैसी दिखे। इसके लिए उसने गन पर काली पॉलीथिन को लपेटा था। हमलावर फोटो खींचने के बहाने आबे के करीब आया था। फिर उसने दो गोलियां चलाई थीं।

## भारत ने पाकिस्तान को सुनाई खरी-खरी, बताया आतंक का गढ़, कहा- हम जैश जैसे संगठनों की दहशतगर्दी से रहे त्रस्त

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में कहा कि वह पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद का शिकार रहा है। पाकिस्तान की धरती से चलने वाले जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) जैसे आतंकी संगठनों ने भारत में कई आतंकी हमले किए हैं। भारत के स्थायी प्रतिनिधि (अंबेसडर) परवथानेनी हरीश ने पाकिस्तान को आतंकवाद का वैश्विक केंद्र बताया और कहा कि पाकिस्तान में 20 से ज्यादा संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की तरफ से प्रतिबंधित आतंकी संगठन मौजूद हैं। इसके बावजूद जब पाकिस्तान खुद को आतंकवाद के खिलाफ लड़ने वाला देश बताता है, तो यह सबसे बड़ी विडंबना होती है।

**पाक ने फिर अलापा जम्मू-कश्मीर का राग :** भारत की तरफ से यह बयान तब आया जब पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मोहम्मद इशाक डार ने भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाया। इस पर भारत ने कड़ा जवाब देते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न हिस्सा है और रहेगा। इस पर पी. हरीश ने कहा कि आतंकवाद का कोई भी कारण या मकसद स्वीकार्य नहीं हो सकता। निर्दोष लोगों पर हमला किसी भी तरह से जायज नहीं ठहराया जा सकता। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान झूठ और गलत जानकारी फैलाने की कोशिश करता है, लेकिन इससे सच्चाई नहीं बदलती। उन्होंने कहा कि जैश-ए-मोहम्मद और हिजबुल मुजाहिदीन जैसे आतंकी संगठनों ने भारत में कई हमलों को अंजाम दिया है। पाकिस्तान इन्हें सीमा पार से समर्थन देता है, जिससे भारत में हिंसा फैलती है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में कई आतंकी संगठन और व्यक्ति संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की 1267 अल-कायदा प्रतिबंध समिति की सूची में शामिल हैं, जिन पर संपत्ति जब्त करने, हथियारों की आपूर्ति रोकने और यात्रा प्रतिबंध लगाने का प्रावधान है।




**भारत ने जम्मू-कश्मीर में हाल ही में हुए चुनाव का दिया हवाला :** भारत ने यह भी कहा कि जम्मू-कश्मीर में हाल ही में चुनाव हुए, जिसमें लोगों ने बड़ी संख्या में मतदान किया और अपनी सरकार चुनी। भारत के स्थायी प्रतिनिधि ने पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र मजबूत और जीवंत है, जबकि पाकिस्तान में ऐसा नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि वास्तव में पाकिस्तान खुद जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्सों पर अवैध कब्जा किए हुए है और वहां के हालात खराब हैं। इसके साथ ही भारत ने साफ कर दिया कि आतंकवाद के मामले में कोई भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को अच्छे और बुरे आतंकवादियों के बीच अंतर नहीं करना चाहिए।

# अदाणी ग्रुप की सीमेंट और खनन क्षेत्र में दोहरे अंकों में वृद्धि बरकरार

**नई दिल्ली ।**

भारत के एक प्रमुख उद्यम, अदाणी ग्रुप ने अपने सीमेंट और खनन क्षेत्र के कारोबार में दोहरे अंकों की मजबूत वृद्धि की खुशखबरी दी है। कंपनी ने जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक, यहां आय कंपनी की पूर्वानुमान के साथ मिलकर 86,789 करोड़ रुपये पर पहुंची है। कम्पनी बयान देते हुए कह रही है कि इस वृद्धि के पीछे सोलर और विंड ऊर्जा, एयरपोर्ट्स, सीमेंट उत्पादन जैसे उभरते व्यापारिक क्षेत्रों का है। केवल अक्टूबर से दिसंबर माह में कंपनी ने अपनी विजयी यात्रा को 17.2 प्रतिशत तक बढ़ाया है और पिछले 12 महीनों में एक्सपोनेंशियल रिजल्ट प्राप्त किया है। अदाणी ग्रुप के बूटस्ट्रैप कार्यक्रम ने न केवल उउभरते व्यवसाय में वृद्धि दर्शाई है, बल्कि उसके बुनियादी ढांचा व्यवसायों की प्रमुख भूमिका को भी मजबूत किया है। इस उत्कृष्ट कार्यक्रम से लागत और मूल्यंकन से संबंधित कई महत्वपूर्ण लाभ मिला है। अदाणी ग्रुप के उत्तराधिकारी भावना अदाणी ने कहा कि उनके समूह का यह सफलतापूर्वक कारोबारिक मॉडल उज्जवल भविष्य की दिशा में मार्गदर्शन कर रहा है और उन्हें गर्व है कि वे सरकार के सपने को साकार करने में योगदान दे रहे हैं।




# पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं

**नई दिल्ली ।**

वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में चाहे जितना भी उतार-चढ़ाव क्यों न हो, घरेलू बाजार में पेट्रोल और डीजल पर इसका असर देखने को नहीं मिलता है। गुरुवार के लिए पेट्रोल और डीजल की कीमतें जारी कर दी गई हैं। गुरुवार को भी पेट्रोल और डीजल की कीमतें वही हैं और यहां कोई बदलाव नहीं किया गया है। गौरतलब है` कि पिछले कई महीनों से पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

कीमतों में आखिरी बार पिछले साल बदलाव किया गया था और उस दौरान आम लोगों को महंगे पेट्रोल और डीजल से राहत मिली थी, लेकिन उसके बाद से एक बार भी राहत नहीं मिली है। आपको जानकारी के लिए बता दें कि, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में आखिरी बार मार्च 2024 में बदलाव किया गया था। 14 मार्च 2024 को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में आखिरी बार 2-2 रुपये प्रति लीटर की दर से बदलाव किया गया था। लेकिन उसके बाद से पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है।



# भारतीय स्टार्टअप्स के लिए यूनिकॉर्न बनने की अवधि फिर बढ़ी



**नई दिल्ली ।**

देश में अनेक कंपनियों ने 1 अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य का जादुई आंकड़ा पार कर यूनिकॉर्न बनने का तमगा हासिल किया है। लेकिन शुरुआत में इस उपलब्धि को पाने के लिए उन्हें लंबा संघर्ष करना पड़ा। वर्ष 2019 तक जो कंपनियां यूनिकॉर्न बनीं, उन्हें यहां तक पहुंचने में औसतन 10 वर्ष लग गए लेकिन केवल चार साल बाद 2023 में यह आंकड़ा पार करने में औसत अवधि पांच वर्ष ही रही। एक शोध एजेंसी के आंकड़ों के अनुसार ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि वेंचर कैपिटल (वीसी) और प्राइवेट इक्विटी (पीई) ने लाभप्रदता की ज्यादा चिंता किए बिना अपने व्यवसाय को बढ़ाने के लिए इन कंपनियों पर जमकर नकदी का निवेश किया। लेकिन कहानी यहीं खत्म नहीं हो जाती। पिछले कुछ वर्षों से जैसे-जैसे इन वीसी और पीई ने निवेश से हाथ खींचना शुरू किया तो स्टार्टअप का यूनिकॉर्न बनने का इंतजार भी लंबा होता गया और 2024 में यूनिकॉर्न का दर्जा पाने का औसत समय बढ़कर पुनः साढ़े नौ वर्ष हो गया और यह अवधि 2019 के स्तर पर पहुंच गई। एक अध्ययन के अनुसार अमेरिका में स्थिति इसके बिल्कुल उलट सामने आई जहां 2014 के बाद किसी स्टार्टअप को यूनिकॉर्न बनने में 3.4 वर्ष का समय लगा। इससे पहले वहां छोटी कंपनियों को इस उपलब्धि तक पहुंचने के लिए 6.6 वर्ष लग जाते थे। वैसे स्टार्टअप की दुनिया एक शोध का विषय रहा है।

स्टार्टअप के विकास के लिए 2021 का साल सबसे बेहतरीन रहा जब कॉइनडीसीएक्स, क्रेड, जेटविर्क, भारतपे और मोबाइल प्रीमियर लीग जैसे बड़े ब्रांड तीन वर्ष के अंदर ही यूनिकॉर्न बन गए। लेकिन सभी स्टार्टअप को एक जैसी तरक्की का रास्ता नहीं मिला। कुछ ऐसे भी रहे, जिन्होंने यूनिकॉर्न जैसा मील का पत्थर छूने के लिए लंबा सफर तय करना पड़ा। संघर्ष से जूझते हुए आगे बढ़ने में उन्हें कारोबारी मॉडल तक बदलना पड़ा।

# अप्रिलिया टूनो 457 स्पोर्ट्स बाइक लॉन्च



**नई दिल्ली ।**

स्पोर्ट्स बाइक अप्रिलिया टूनो 457 भारत में लॉन्च हो चुकी है। इस बाइक की एक्स-शोरूम कीमत 3.95 लाख रुपये रखी गई है। इस बाइक में बाइ-डायरेक्शनल क्विकशिफ्टर का ऑप्शन भी है, जो राइडिंग एक्सपीरियंस को और बेहतर बनाता है।

टूनो 457 का डिजाइन आरएस 457 से थोड़ा अलग है, इसमें एक नई छोटी एलईडी हेडलाइट है जिसमें दो शार्प डे-टाइम रनिंग लाइट्स दी गई हैं। फ्यूल टैंक की क्षमता भी थोड़ी कम है, टूनो में 12.7 लीटर का टैंक दिया गया है, जबकि आरएस 457 में 13 लीटर का टैंक है। इसके बावजूद दोनों बाइक्स का वजन समान, यानी 175 किलोग्राम है। टूनो 457 में छोटी गियरिंग भी दी गई है, जो इसे और भी स्पोर्टी बनाती है। बाइक की बुकिंग आज से शुरू हो गई है, और इसकी डिलीवरी मार्च तक शुरू होने की संभावना है। इस बाइक की कीमत 3.95 लाख रुपये है, जो आरएस 457 से 25,000 रुपये सस्ती है। इसकी टक्कर यामाहा एमटी-03 और केटीएम 390 ड्यूक जैसी बाइक्स से होगी।

टूनो 457 अपने स्पोर्ट्स बाइक प्रेमियों के लिए एक बेहतरीन विकल्प साबित हो सकती है। यह बाइक अप्रैलिया आरएस 457 के काफी समान है, खासकर इसके मैकेनिकल सैटअप में, जिसमें 457सीसी पैरेलल-ट्विन इंजन दिया गया है। यह इंजन 47.6 एचपी की पावर और 43.5 एनएम का टॉर्क जेनरेट करता है, जो 6-स्पीड गियरबॉक्स और स्लिप-एंड-असिस्ट क्लच के साथ जोड़ा गया है।

# प्योर ईवी और जियो थिंग्स के मध्य हुआ समझौता

**नई दिल्ली ।**

इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता प्योर ईवी कंपनी ने अपने वाहनों में स्मार्ट डिजिटल क्लस्टर और टेलीमैटिक्स को एकीकृत करने के लिए जियो थिंग्स लिमिटेड के साथ एक समझौता किया हैं। इस समझौते के तहत प्योर ईवी अपने इलेक्ट्रिक वाहनों में जियो थिंग्स के स्मार्ट डिजिटल क्लस्टर्स का उपयोग करेगा, जो एंड-टू-एंड आईओटी समाधान प्रदान करेंगे, जिससे उनके वाहनों की कार्यक्षमता और इंटरएक्टिविटी को बढ़ाया जा सकेगा। जियो थिंग्स द्वारा प्रदान की जाने वाली 4जी कनेक्टिविटी और टेलीमैटिक्स की मदद से ग्राहक अपने वाहन के प्रदर्शन की वास्तविक समय में निगरानी कर सकेंगे और संचालन को और अधिक कुशल बना सकेंगे।

इसके अलावा, जियोथिंग्स स्मार्ट डिजिटल क्लस्टर में फुल एचडी प्लस टचस्क्रीन डिस्प्ले कम्पैटिबिलिटी, रीयल-टाइम डेटा एनालिटिक्स और कस्टमाइज्ड टू-व्हीलर इंटरफेस जैसी सुविधाएं शामिल हैं। यह समाधान वाहन निर्माताओं को अपने उत्पादों में आईओटी तकनीकों के एकीकरण में मदद करेगा, जिससे वे उन्नत डिजिटल अनुभव प्रदान कर सकेंगे। प्योर ईवी के संस्थापक और एमडी डॉ. निशांत डोंगरी ने कहा, यह साझेदारी हमारे उत्पादों को उच्चतम मानकों तक पहुंचाने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करती है। हमारा लक्ष्य इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के क्षेत्र में दक्षता और इंटरएक्टिविटी को बढ़ाना है।

जियो प्लेटफॉर्म्स के अध्यक्ष आशीष लोढ़ा ने इस साझेदारी को इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर क्षेत्र के भविष्य को आकार देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया और कहा कि इस साझेदारी से ग्राहकों को बेहतरीन कनेक्टिविटी और कार्यक्षमता का अनुभव मिलेगा। इस साझेदारी का मुख्य उद्देश्य उपयोगकर्ता अनुभव को बेहतर बनाना है, जिसमें उन्नत आईओटी समाधान, निर्बाध कनेक्टिविटी और डिजिटल एकीकरण का लाभ उठाया जाएगा।



## चालू वित्त वर्ष के पहले 10 माह में डीओसी निर्यात में नौ फीसदी गिरावट

**नई दिल्ली ।** चालू वित्त वर्ष के पहले 10 माह (अप्रैल-जनवरी) के दौरान भारत का डी-आयल्ड केक (डीओसी) का निर्यात नौ प्रतिशत घटकर 36 लाख टन रह गया है। इस गिरावट का कारण रैपसीड डीओसी और अरंडी डीओसी के निर्यात की खेप का घटना है। सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2024-25 की अप्रैल-जनवरी की अवधि के दौरान, कुल डीओसी का निर्यात 36,03,030 टन का हुआ, जो कि पिछले वर्ष की समान अवधि में 39,74,351 टन था। दस महीने की अवधि में, सोयाबीन डीओसी का समग्र निर्यात एक साल पहले 15.86 लाख टन की तुलना में 17.71 लाख टन तक बढ़ गया। हालांकि, रैपसीड डीओसी का निर्यात 18,95,454 टन से घटकर 15,42,032 टन रह गया, जबकि अरंडी डीओसी का निर्यात 3,27,261 टन से घटकर 2,58,005 टन रह गया। आंकड़ों के अनुसार, पूरे वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान डीओसी का कुल निर्यात 48,85,437 टन रहा था। दक्षिण कोरिया, थाइलैंड, वियतनाम और बांग्लादेश भारतीय डीओसी के प्रमुख आयातक हैं।



## रुपया गिरावट पर बंद

**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबल गुरुवार को भारतीय रुपया 24 पैसे की गिरावट के साथ ही 86.88 पर बंद हुआ। सुबह कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बीच रुपया शुरुआती कारोबार में 19 पैसे की बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.79 पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि हालांकि घरेलू बाजारों में सुस्त रुझान और विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी निवेशकों की भावनाओं को प्रभावित कर रही है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय में रुपया 86.88 प्रति डॉलर पर खुला और शुरुआती सौदों के बाद डॉलर के मुकाबले 86.79 पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव से 19 पैसे की बढ़त दर्शाता है। रुपया मंगलवार को 10 पैसे की गिरावट के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.98 पर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.16 प्रतिशत की गिरावट के साथ 107 पर रहा।

## वारी एनर्जीज को 362.5 मेगावाट सौर मॉड्यूल की आपूर्ति का ठेका मिला

**नई दिल्ली ।** वारी एनर्जीज ने इंजी इंडिया की अनुषंगी कंपनी खाबा रिन्यूएबल एनर्जी से 362.5 मेगावाट सौर मॉड्यूल की आपूर्ति का ठेका मिलने की गुरुवार को घोषणा की। कंपनी बयान के अनुसार, इस ठेके में उन्नत 600 डब्ल्यूपी एलीट बीआईएन-08 एन-टाइप टॉपकॉन सौर मॉड्यूल की आपूर्ति शामिल है, जिसे ऊर्जा दक्षता तथा स्थिरता बढ़ाने के लिए तैयार किया गया है। ये मॉड्यूल भारत की प्रमुख जलविद्युत कंपनियों में से एक एनएचपीसी के लिए तैनात किए जाएंगे। वारी एनर्जीज लिमिटेड के एक अे धिकारी ने कहा` कि हम इस महत्वपूर्ण ठेके पर खाबा रिन्यूएबल एनर्जी और एनएचपीसी के साथ साझेदारी कर खुश हैं।

## डिजिटल पेमेंट सेवाओं पर अब देना होगा चार्ज

**मुंबई ।** भारत में अधिकांश लोग यूपीआई के जरिए भुगतान कर रहे हैं। देशभर में हर दिन करोड़ों यूपीआई से लेनदेन होते हैं। पेटीएम, गूगल पे और फोनपे जैसी कंपनियां यूपीआई पेमेंट सेवाओं में अग्रणी हैं और अब तक ये सेवाएं ज्यादातर मुफ्त रही हैं लेकिन अब शायद आपको इसके` लिए अलग-अलग सर्विसेज के लिए फीस चुकानी पड़ सकती है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, अगर आप बिल पेमेंट के लिए क्रेडिट या फिर डेबिट कार्ड का इस्तेमाल करेंगे तो 0.5 फीसदी से 1 फीसदी तक का चार्ज आप लोगों से लिया जाएगा, इस चार्ज के अलावा आपको जीएसटी भी देना पड़ेगा। रिपोर्ट में इस बात का भी जिक्र है कि एक साल पहले से ही गूगल पे यूजर्स से मोबाइल चार्ज पर 3 रुपए की कनविनियंस फीस चार्ज कर रहा है। रिपोर्ट में बताया गया है कि जब एक ग्राहक ने जब बिजली बिल भरने के लिए क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल किया तो ऐप ने 15 रुपए की कनविनियंस फीस यूजर से चार्ज की है। इस फीस को डेबिट/क्रेडिट कार्ड ट्रांजेक्शन के लिए प्रोसेसिंग फीस नाम से ऐप में दिखाया जा रहा है जिसमें जीएसटी भी शामिल है।

## भारत और कतर के बीच व्यापार समझौते में सावधानी की जरुरतः जीटीआरआई

**नई दिल्ली।** आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने भारत और कतर के बीच संभावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर ध्यान दिलाते हुए कहा है कि पेट्रोरसायन क्षेत्र में सावधानी बरतने की आवश्यकता है। इसके अलावा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कतर के अमीर शेख तमीम बिन हम्माद अल-सानी ने जारी संयुक्त बयान के माध्यम से द्विपक्षीय व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) में प्रवेश करने के लिए तैयारी दिखाई है। इसमें उन्होंने 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करने का मकसद रखा है। जीटीआरआई के एक अे धिकारी ने बताया कि भारत को पेट्रोरसायन और ऊर्जा आयात पर शुल्क रियायतों के संरक्षण का ध्यान देना चाहिए ताकि देश के घरेलू उद्योगों को कोई नुकसान ना हो। उन्होंने सावधानी बरतने की सलाह दी और व्यापार समझौते के प्राथद्वकितक शर्तों के मूल्यांकन की मांग की।

## ईपीएफओ के निवेश नियमों में बदलाव के संकेत

**मुंबई ।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के निवेश के तरीके में बदलाव होने की संभावना है। श्रम और रोजगार मंत्रालय, वित्त मंत्रालय से ईपीएफओ के डेट इंस्ट्रूमेंट्स में निवेश को 20 फीसदी से घटाकर 10 फीसदी करने की मंजूरी मांगेगा। यह बदलाव नवंबर 2024 में ईपीएफओ के सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज (सीबीटी) की बैठक में मंजूर हुआ था। इसका कारण पब्लिक सेक्टर बॉन्ड्स में कम रिटर्न और उनकी कम सप्लाई बताई जा रही है। ईपीएफओ द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र के बॉन्ड के बजाय कॉर्पोरेट बॉन्ड में अधिक निवेश करने का निर्णय कई कारणों से महत्वपूर्ण है। कॉर्पोरेट बॉन्ड आमतौर पर सरकारी बॉन्ड की तुलना में अधिक रिटर्न देते हैं, जिससे कर्मचारियों की रिटायरमेंट बचत को अधिक फायदा हो सकता है। हालांकि, इनमें जोखिम भी अधिक होता है, क्योंकि इन्हें जारी करने वाली कंपनियों के दिवालिया होने की संभावना रहती है। जोखिम को कम करने के लिए ईपीएफओ को आर्थिक रूप से मजबूत कंपनियों के बॉन्ड में निवेश करना होगा। इस फैसले से निवेश पोर्टफोलियो में विविधता आएगी और संभावित रूप से ईपीएफओ को बेहतर रिटर्न मिल सकता है। ईपीएफओ मुख्य रूप से सरकारी कंपनियों के बॉन्ड में निवेश करता था, लेकिन इनसे मिलने वाला रिटर्न कम हो रहा था और पर्याप्त बॉन्ड उपलब्ध नहीं हो पा रहे थे। ऐसे में उच्च रिटर्न के लिए कॉर्पोरेट बॉन्ड में निवेश करने की योजना बनाई गई है। हालांकि, इनमें जोखिम अधिक होता है, इसलिए निवेश की प्रक्रिया को सावधानीपूर्वक प्रबंधित करने की जरूरत होगी। अगर यह प्रस्ताव मंजूर होता है, तो इससे कॉर्पोरेट बॉन्ड मार्केट को बढ़ावा मिलेगा और ईपीएफओ को बेहतर रिटर्न मिलने की संभावना बढ़ जाएगी।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

**मुम्बई ।**

भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को गिरावट पर बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई हैं। आज कारोबार के दौरान एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक जैसे शेयरों में गिरावट से भी बाजार पर दबाव पड़ा। इसके अलावा वीकली एक्सपायरी के कारण भी बाजार नीचे आया। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स अंत में 203.22 अंक करीब 0.27 फीसदी टूटकर 75,735 पर बंद हुआ।

वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी अंत में 19.75 अंक तकरीबन 0.09 फीसदी नीचे आकर 22,913.15 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी के 50 शेयरों में से 28 बढ़कर बंद हुए। श्रीराम फाइनेंस, एनटीपीसी, महिंद्रा एंड महिंद्रा, अदानी पोर्ट्स और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स में उछाल आया और ये 4 फीसदी तक ऊप आकर बंद हुए।

सेंसेक्स की कंपनियों में एचडीएफसी बैंक का शेयर 2.35 फीसदी नीचे आया। इसके अलावा मारुति, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, आईटीसी, आईसीआईसीआई बैंक, कोटक बैंक, बजाज फाइनेंस, सनफार्मा, टाइटन के शेयरों में भी गिरावट रही ।



आज एनटीपीसी और महिंद्रा एन्ड महीने के स्टॉक 3 फीसदी से ज्यादा बढ़त पर बंद हुए। इसके अलावा अदाणी पोर्ट्स, टाटा स्टील, टाटा मोटर्स, पावर ग्रिड, इन्फोसिस के शेयरों में भी तेज रही।

कारोबार के दौरानर मेटल, एनर्जी और ऑटो के शेयरों में लाभ हुआ जबकि बैंकिंग और आईटी कमजोर हुए। ब्रोडर मार्केट ने लगातार दूसरे सेशन में अपना लाभ बढ़ाया। स्मालकैप और मिडकैप दोनों ने लगभग डेढ़ फीसदी की बढ़त दर्ज की।÷

एनएसई पर सेक्टोरल इंडेक्स मिलेजुले रुख में बंद हुए। निफ्टी ऑटो, निफ्टी पीएसबी, मेटल, रियल्टी, ओएमसी और मीडिया इंडेक्स 1 प्रतिशत से अधिक की बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी ओर, बैंक निफ्टी, निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज, आईटी, फार्मा और प्राइवेट बैंक सूचकांक 0.75 फीसदी तक की गिरावट के साथ लाल रंग में बंद हुए।

वहीं इससे पहले आज सुबह बाजार गिरावट के साथ खुले। सेंसेक्स 200 से ज्यादा अंक गिरकर 75,672 पर खुला। निफ्टी50 भी गिरावट के साथ 22,821 अंक पर लाल निशान में खुला। बीच, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बुधवार को 1,881.30 करोड़ रुपये की भारतीय इक्विटी बेची, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों ने कारोबारी सत्र के दौरान 1,957.74 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। उतार-चढ़ाव के बीच घरेलू शेयर बाजार गुरुवार को मामूली गिरावट में बंद हुए।

# अब सिगरेट पीना तंबाकू खाना होगा महंगा! सरकार जीएसटी बढ़ाने पर कर रही विचार

**नई दिल्ली।**

केंद सरकार सिगरेट और तंबाकू पर जीएसटी बढ़ाने पर विचार कर रही है, ताकि टैक्स रेवेन्यू में कमी नहीं आ सके। अभी इन उत्पादों पर 28 फीसदी जीएसटी के अलावा कई चार्ज लगते हैं, जिससे कुल टैक्स 53 फीसदी हो जाता है, लेकिन यह विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के सुझाए 75 फीसदी से कम है। यह बदलाव तंबाकू खाने वाले लोगों की जेब पर असर डालेगा। फिलहाल, सिगरेट और तंबाकू उत्पादों पर 28 फीसदी जीएसटी के अलावा कंपनसेशन सेस और अन्य चार्ज लगते हैं, जिससे कुल टैक्स 53 फीसदी हो जाता है। सरकार इसे बढ़ाकर 40 फीसदी करने और उस पर अलग से एक्साइज ड्यूटी लगाने पर विचार कर रही है। सरकार का मकसद यह तय करना है कि कंपनसेशन सेस खत्म होने के बाद भी इन उत्पादों से टैक्स रेवेन्यू में कमी न आए। कंपनसेशन सेस 31 मार्च 2026 तक लागू रहेगा। सरकार इस सेस की जगह किसी दूसरे सेस को लागू करने के पक्ष में नहीं है। एक अधिकारी के मुताबिक सेस को कारगर नहीं माना जाता है। सिगरेट और तंबाकू उत्पादों को 'सिन गुड्स' माना जाता है यानी ऐसे उत्पाद जो सेहत के लिए हानिकारक हैं। इन पर जीएसटी के अलावा बेसिक एक्साइज ड्यूटी और नेशनल कैलामिटी कंटिंजेंट ड्यूटी भी लगती है। हाल ही में सिगरेट बनाने वाली कंपनियों आईटीसी), वीएसटी इंडस्ट्रीज और गॉडफ्रे फिलिप्स के शेयरों में गिरावट आई है। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि एक रिपोर्ट में सरकार द्वारा तंबाकू उत्पादों पर जीएसटी बढ़ाने की बात कही गई थी। आईटीसी, फोर स्क्वायर बनाने वाली गॉडफ्रे फिलिप्स और चारमीनार बनाने वाली वीएसटी इंडस्ट्रीज के शेयरों में गुरुवार को भारी गिरावट देखने को मिली। सुबह आईटीसी का शेयर 1.6 फीसदी गिरकर 400 रुपए पर था, जबकि गॉडफ्रे फिलिप्स 3 फीसदी गिरकर 6,364.4 रुपए पर पहुंच गया था और वीएसटी इंडस्ट्रीज के शेयर 3.7 फीसदी गिरकर 288.3 रुपए पर था। डब्ल्यूएचओ ने सिगरेट पर 75 फीसदी टैक्स लगाने की सलाह दी है, लेकिन भारत में अभी यह 53 फीसदी ही है। तंबाकू और तंबाकू उत्पाद सरकार के लिए टैक्स रेवेन्यू का एक बड़ा स्रोत हैं। 2022-23 में इनसे 72,788 करोड़ रुपए का टैक्स रेवेन्यू जुटाया गया था।



## ट्रंप नहीं चाहते भारत में टेस्ला अपनी फैक्ट्री लगाए!

**- टेस्ला के ग्राहकों पर हो सकता है असर**

**नई दिल्ली ।** अमेरिका के नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के खिलाफ टैरिफ के मुद्दे पर फिर एक बयान दिया है। ट्रंप ने एक टीवी शो में एलन मस्क के साथ साझा किया कि उन्हें लगता है कि भारत में इंपोर्ट ड्यूटी बेहद उच्च है और इससे वहां उनके कारों की बिक्री पर असर पड़ता है। ट्रंप ने कहा, वे (भारत वाले) इसका उदाहरण है, मुझे नहीं पता ये सच है या नहीं लेकिन यहां (भारत में) इंपोर्ट ड्यूटी शायद 100 फीसदी है? इस पर मस्क ने स्वीकार किया। ट्रंप ने और भी कहा कि अब अगर वे भारत में फैक्ट्री लगाते हैं तो ठीक है लेकिन यह हमारे साथ बहुत बड़ी नाइंसाफी होगी। इस बयान से हर भारतीय का मन खट्टा हो गया है। इस बात को लेकर भारत में टेस्ला के ग्राहकों पर भी हो सकता है असर, जिन्होंने उम्मीद रखी थी कि कंपनी भारत में अपनी फैक्ट्री लगाएगी। हालांकि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टेस्ला प्रमुख एलन मस्क से मुलाकात की थी और इसके बाद तरह-तरह की बिजनेस डीलों की चर्चाएं तेज हो गई थीं। कई राज्य, महाराष्ट्र समेत, भी अब टेस्ला को अपने यहां बुलाने की कोशिश कर रहे हैं। खबरें हैं कि टेस्ला ने नई दिल्ली अपने शोरूम के लिए लोकेशन भी देख ली है। इस सभी के बीच, भारत के खिलाफ टैरिफ के मुद्दे पर ट्रंप की चूकी गर्मी में हर देश अपने हित के लिए उठाए गए कदमों को समझने की जरूरत है।

# चैम्पियंस ट्रॉफी में आज होगा दक्षिण अफ्रीका और अफगानिस्तान में मुकाबला

**कराची (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका की टीम का पहला मुकाबला आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के ग्रुप बी में में शुक्रवार को अफगानिस्तान से होगा। इस मैच में दक्षिण अफ्रीका जीत की प्रबल दावेदार है पर अफगानिस्तान टीम भी उलटफेर का पूरा प्रयास करेगी। अफगान टीम के पास कई अच्छे खिलाड़ी हैं जो दक्षिण अफ्रीका के लिए परेशानी खड़ी कर सकते हैं। दक्षिण अफ्रीका की टीम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के टूर्नामेंट में कई बार दबाव में रहती है जिसका लाभ अफगानिस्तान को मिल सकता है। दक्षिण अफ्रीका की टीम में कई दिग्गज खिलाड़ी रहे हैं वह बेहद संतुलित दिख रही है और उसकी बल्लेबाजी काफी अच्छी है। दक्षिण अफ्रीका की बल्लेबाजी कप्तान टेम्बा बावुमा, टोनी डी जोरजी, रासी वैन डेर डुसेन और एडेन मार्करम के अलावा हेनरिक क्लासेन, डेविड मिलर और ट्रिस्टन स्टब्स पर आधारित रहेगी।

दक्षिण अफ्रीकी टीम की गेंदबाजी इस बार पहले की तरह नहीं है उसके तेज गेंदबाज एनरिक नोर्किया, नांद्रे बर्गर और गेराल्ड कोएत्जी चोटिल होने के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं जिससे उसकी मुश्किलें बढ़ गयी हैं। ऐसे में अनुभवी तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा को अतिरिक्त जिम्मेदारी निभानी होगी। इसके अलावा मार्को यानसन और लुंगी एनगिडी को भी उनका अच्छी तरह से साथ देना होगा। स्पिन की जिम्मेदारी केशव महाराज और तबरेज शम्सी पर रहेगी।

दक्षिण अफ्रीका की टीम का प्रदर्शन हाल में अच्छा नहीं रहा है। उसने एकदिवसीय विश्व कप 2023 के बाद जो 14 एकदिवसीय खेले हैं उनमें से उसे केवल चार मैच में ही जीत मिली। वह लगातार छह मैच में हार के साथ इस टूर्नामेंट में उतर रही है।

वहीं दूसरी ओर अफगानिस्तान ने हाल में आईसीसी प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन किया है। उसने एकदिवसीय विश्व कप 2023 में इंग्लैंड, पाकिस्तान और श्रीलंका को हराया और पिछले साल टी20 विश्व कप के सेमी फाइनल में




स्थान बनाया था।

अफगानिस्तान ने कई बार बड़ी टीमों को हराकर दिखाया है कि उसे कम आंकना ठीक नहीं होगा। अफगानिस्तान के पास स्टार स्पिनर राशिद खान, मोहम्मद नबी और बाएं हाथ के नूर अहमद और नांगेयालिया खारोटे जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। टीम की तेज गेंदबाजी अजमतुल्लाह उमरजई के अलावा फ़ज़लहक फ़ारूक़ी पर निर्भर करेगी। वहीं बल्लेबाजी की कमान रहमानुल्लाह गुरबाज और इब्राहिम जादरान पर आधारित रहेगी। अफगानिस्तान की कमजोर मध्यक्रम का विफल होना है।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**दक्षिण अफ्रीका** = टेम्बा बावुमा (कप्तान), टोनी डी ज़ोरज़ी, मार्को यानसन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, एडेन मार्कराम, डेविड मिलर, वियान मुल्डर, लुंगी एनगिडी, कैगिसो रबाडा, रयान रिकेलटन, तबरेज़ शम्सी, ट्रिस्टन स्टब्स, रासी वैन डेर डुसेन, कॉर्बिन बॉश।

**अफगानिस्तान** =हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), इब्राहिम जादरान, रहमानुल्लाह गुरबाज, सेदिकुल्लाह अटल, रहमत शाह, इकराम अलीखिल, गुलबदीन नायब, अजमतुल्ला उमरजई, मोहम्मद नबी, राशिद खान, नांग्याल खरोती, नूर अहमद, फजलहक फारूकी, फरीद मलिक, नवीद जादरान।

# शमी एकदिवसीय में सबसे तेज 200 विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज बने




**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी एकदिवसीय क्रिकेट में सबसे तेजी से 200 विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज बने हैं। शमी ने मामले में पाकिस्तान के सकलैन मुश्ताक और न्यूजीलैड के ट्रेंट बोल्ट से आगे निकल गए हैं। इस सूची में पहले स्थान पर मिशेल स्टार्क हैं। जहां तक गेंदों के मामले में 200 विकेट का सवाल है तो शमी ने सभी को पीछ छोड़ा है। वह सबसे कम 105 मैचों में 200 एकदिवसीय विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बन गए हैं। इस मामले में भी मिशेल स्टार्क 102 मैच के साथ ही पहले नम्बर पर हैं। इतना ही नहीं शमी आईसीसी टूर्नामेंट्स में भारत के लिए सर्वाधिक विकेट विकेट लेने वाले खिलाड़ी भी बन गए हैं। वहीं पाक के सकलेन ने 104 मैचों में 200 विकेट लिए हैं।

सबसे कम गेंदों में 200 एकदिवसीय विकेट के मामले में भी शमी नंबर एक पर हैं1 उन्होंने 200 विकेट के लिए 5126 गेंदें फेंकी हैं जबकि मिशेल स्टार्क ने 5240 और सकलैन मुश्ताक ने 5451 गेंदें फेंकी हैं।

आईसीस टूर्नामेंट में भारत की ओर से सबसे अधिक 72 विकेट शमी ने जबकि दूसरे नंबर पर 71 विकेट जहीर ने लिए हैं। वहीं जसप्रीत बुमराह ने 68 विकेट लिए हैं।

# डिविलियर्स का आरसीबी ने सही तरीके से उपयोग नहीं किया: मांजरेकर



**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर अपने विवादित बयानों के कारण चर्चाओं में बने रहते हैं। अब उन्होंने कहा है कि दक्षिण अफ्रीका के स्टार बल्लेबाज रहे एबी डिविलियर्स ने आईपीएल में गलत टीम से खेला था। डिविलियर्स ने शुरुआत में दिल्ली डेयरडेविल्स के लिए आईपीएल में तीन सत्र खेले थे। वहीं 2011 की आईपीएल मेगा ऑक्शन में वह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) में शामिल हुए और 2021 में अपने करियर को अलविदा कहने तक उसकी ओर से ही खेलते रहे।

डिविलियर्स ने 184 आईपीएल मैचों में 5162 रन बनाए लेकिन कभी टीम को आईपीएल खिताब नहीं जिता पाये। उन्होंने 2011 और 2016 में आरसीबी के साथ आईपीएल फाइनल खेला पर दोनों बार टीम हार गयी। 14 साल के अपने आईपीएल करियर में खिताब न जीतने के बावजूद डिविलियर्स आईपीएल में खेलने वाले सबसे बड़े क्रिकेटरों में से एक हैं। मांजरेकर के अनुसार डिविलियर्स का आरसीबी ने सही तरीके से उपयोग नहीं किया। मांजरकेर का कहना है कि डिविलियर्स को टॉप आर्डर में आना चाहिए था और उन्होंने यह भी कहा कि एबी ने गलत फ्रेंचाइजी के लिए खेला।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु तीन बार ट्रॉफी के करीब पहुंची, 2009, 2011 और 2016 में, लेकिन वे फाइनल में हार गए। ट्रॉफी के सूखे के बावजूद, आरसीबी अतीत में कई महान बल्लेबाजों का घर रहा है जो मैच विनर से कम नहीं हैं। चाहे वह केएल राहुल हो, शेन वॉटसन हो, क्रिस गेल हो, ब्रेंडन मैकुलम हो या एबी डिविलियर्स, आरसीबी ने हमेशा अपने रैंकों में आक्रामक बल्लेबाजों की विलासिता का आनंद लिया है जो खेल को विपक्ष से दूर ले जा सकते हैं, लेकिन उनका खिताब का सूखा जारी है।

# महिला प्रीमियर लीग: मुंबई के खिलाफ जीत की हैट्रिक लगाने उतरेगी आरसीबी

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** लगातार जो मैच में जीत से उत्साहित रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम शुक्रवार को यहां अपने घरेलू मैदान पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ विजय अभियान जारी रखकर महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में जीत की हैट्रिक लगाना चाहेगी। आरसीबी ने टूर्नामेंट में अभी तक शानदार प्रदर्शन किया है। उसने पहले मैच में गुजरात जॉइंट्स के खिलाफ 200 से अधिक रन का लक्ष्य हासिल किया था और इसके बाद दिल्ली कैपिटल्स को भी आसानी से हराया था।

स्मृति मंधाना की अगुवाई वाली टीम के चार अंक हैं और वह अंक तालिका में शीर्ष पर काबिज है। टूर्नामेंट में किसी भी अन्य टीम ने अभी तक अपने सभी मैच नहीं जीते हैं। आरसीबी की टीम को चिन्नास्वामी स्टेडियम में दर्शकों का अपार समर्थन मिलना तय है। इस मैच में सभी की निगाहें मंधाना पर टिकी रहेंगी जिन्होंने दिल्ली के खिलाफ पिछले मैच में 47 गेंद पर 81 रन की तूफानी पारी खेली थी।

भारतीय टीम की उप-कप्तान मंधाना इस समय बेहतरीन फॉर्म में चल रही हैं और मुंबई के गेंदबाजों को उन पर अंकुश लगाने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने होंगे। आरसीबी की तरफ से मंधाना के अलावा एलिसे पेरी, राघवी बिष्ट, ऋचा घोष और युवा कनिका आहूजा ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है। आरसीबी हालांकि अपने गेंदबाजी विभाग को लेकर थोड़ा चिंतित होगा क्योंकि उसके गेंदबाज अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं।

मुंबई की टीम बेहद मजबूत है और उसे हराना




आसान नहीं होगा। पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ नैट साइवर-ब्रंट की बेजोड़ बल्लेबाजी (59 गेंदों में 80 रन) और हरमनप्रीत के साथ उनकी 73 रन की साझेदारी के बावजूद टीम को हार का सामना करना पड़ा था और अब हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम दमदार वापसी करने के लिए प्रतिबद्ध होगी।

**टीम इस प्रकार है**

**मुंबई इंडियंस** = हरमनप्रीत कौर (कप्तान), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), नादिन डी क्लार्क, संस्कृति गुप्ता, साइका इशाक, शबनीम इस्माइल, जिन्तिमनी कलिता, जी कमलिनी, अमनदीप कौर, अमनजोत कौर, सत्यमूर्ति कीर्तन, अमेलिया केर, अक्षिता माहेश्वरी, हेले मैथ्यूज, सजीवन सजना, नट साइवर-ब्रंट, पारुनिका सिसोदिया, क्लो ट्राईटन।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु** = स्मृति मंधाना (कप्तान), कनिका आहूजा, एकता बिष्ट, चार्ली डीन, किम गार्थ, ऋचा घोष, हीदर ग्राहम, वीजे जोशिता, सब्बिनेनी मेघना, नुजहत परवीन, जाग्रवी पवार, एलिसे पेरी, राघवी बिस्ट, स्नेह राणा, प्रेमा रावत, रेणुका सिंह, जॉर्जिया वेयरहम, डैनी व्याट-हॉज।

# रिजवान ने हार के लिए बल्लेबाजों और गेंदबाजों को जिम्मेदार बताया



मुम्बई । पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कप्तान मोहम्मद रिजवान ने आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी के पहले ही मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ मिली 60 रनों की करारी हार के लिए अपने बल्लेबाजों और गेंदबाजों को दोष दिया है। इस मैच में न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 320 रन बनाये और मेजबानों को जीत के लिए 321 रनों का लक्ष्य दिया था जिसका पीछा करते हुए पाक टीम 47.2 ओवर में 260 रन ही बना पायी। रिजवान के अनुसार मैच में उनकी टीम ने दो बार लय खोई जिस वजह से न्यूजीलैंड को उन पर हावी होने का अवसर दिया। रिजवान ने मैच के बाद कहा, 'उन्होंने अच्छा लक्ष्य दिया, हमें इसकी उम्मीद नहीं थी। हम 260 के आसपास के स्कोर की उम्मीद कर रहे थे। हमने अपना सबसे अच्छा प्रदर्शन किया पर विरोधी टीम ने अच्छा खेला। हम पिच की स्थिति देखते हैं, पहले पिच पर बल्लेबाजी करना आसान नहीं था। वहीं जब विल यंग और लेथम ने साथ मिलकर बल्लेबाजी की तो यह आसान हो गया। अंत में हमने त्रिकोणीय सीरीज के फाइनल की तरह ही गलती की और उन्होंने अच्छा लक्ष्य बनाया।' 321 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने धीमी शुरुआत दी, उन्होंने इस मैच में 90 गेंदों का सामना करते हुए 6 चौकों और 1 छक्के की सहायता से केवल 64 रन बनाए। बाबर की इस धीमी पारी की वजह से दूसरे बल्लेबाजों पर दबाव पड़ा जिस वजह से टीम तेजी से बन बनाने के प्रयास में विकेट गंवाती रही।

# एलएसजी का रुख आईपीए में आक्रामक रहेगा : जहीर



नई दिल्ली । लखनऊ सुपर जाइंट्स (एलएसजी) टीम के मेंटर जहीर खान ने कहा है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में लखनऊ सुपरजायंटस के पास बाएं हाथ के कई बल्लेबाज हैं। पिछले साल की मेगा नीलामी के दौरान लखनऊ ने पांच बाएं हाथ के बल्लेबाजों को खरीदा है। इसमें से तीन को अंतिम ग्यारह में जगह मिल सकती है। ऋषभ पंत, निकोलस पूरन और डेविड मिलर शुरुआत में उतरेंगे। साथ ही कहा कि तीन बाएं हाथ के बल्लेबाजों के होने से टीम का रुख आक्रामक रहेगा। जहीर के अनुसार इतने बांए हाथ के खिलाड़ी रखना टीम की रणनीति भी हो सकती है। एलएसजी ने इस सत्र के लिए ऋषभ को कप्तान बनाया है। 2016 में दिल्ली डेयरडेविल्स की कप्तानी करने वाले जहीर ने ऋषभ को देखा है और उनके साथ काम किया है। पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज के अनुसार ऋषभ ऐसे व्यक्ति हैं जो पूरी टीम को प्रेरित कर सकते हैं और क्रिकेट का एक ऐसा ब्रांड स्थापित कर सकते हैं जिसे एलएसजी खेलना चाहता है। उन्होंने कहा कि सीजन में उस माहौल को बनाने और किसी भी टीम के लिए सफलता के स्तंभ तैयार करने के लिए कप्तान की भूमिका अहम होती है। जिसमें वह सक्षम हैं। जहीर ने कहा, यह सामरिक बढ़त भी हो सकती है। हम इसे इसी तरह से देख रहे हैं। मैंने यह नहीं देखा है कि मैं टीम में कितने बाएं हाथ के खिलाड़ियों को चाहता हूं। जब तक आपके पास संतुलन है, आपके पास टीम में विकल्प हैं और आपके पास सभी विकल्प हैं, तब तक यह ठीक है। जब मैं अपनी टीम को देखता हूं, तो यह एक मजबूत इकाई की तरह दिखती है।

# हैट्रिक नहीं बना पाये आक्षर , रोहित के हाथ से फिसला कैच

**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय टीम के स्पिनर अक्षर पटेल बांग्लादेश के खिलाफ चैम्पियंस ट्रॉफी मैच के दौरान हैट्रिक बनाने से रह गये। अक्षर की गेंद पर भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने कैच छोड़ दिया जिससे अक्षर की हैट्रिक नहीं हो पायी। । रोहित इससे इतने निराश हुए कि मैदान पर जोर-जोर से हाथ पटकते दिखे। इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिय में आया है।

इस मैच में बांग्लादेश ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी शुरु की। 9वें ओवर में अक्षर गेंदबाजी के लिए आये । उन्होंने ओवर की दूसरी गेंद पर ही तनजीद हसन को और तीसरी गेंद पर मुश्फिकुर रहीम को पेवेलियन भेज दिया। दोनों ही बार के कैच विकेटकीपर केएल राहुल ने लिए। अक्षर को ओवर की चौथी गेंद पर हैट्रिक मिल सकती थी। जकर अली ने उनकी गेंद पर शॉट लगाने का प्रयास किया पर गेंद स्लिप में फिल्डिंग कर रहे रोहित के हाथों से टकरा कर निकल गयी। रोहित ने गेंद को अंत तक पकड़ने का प्रसाय किया पर वह फिसल गयी।



# नीरज के पास है एक से बढ़कर एक हाई–परफॉरमेंस लक्जरी कारें



नई दिल्ली। भारत के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा खेल के साथ ही हाई–परफॉरमेंस लक्जरी कारों के भी शौकीन हैं। नीरज के पास एक से बढ़कर एक कारों का काफिला है। नीरज के इस बेडे में हाल ही में ऑडी की आरएस क्यू–8 परफॉर्मेंस कार शामिल हुई है। उनके पास पहले से ही मस्टैंग और कई टोयोटा फॉर्च्यूनर जैसी कारें हैं। नीरज की आरएस क्यू–8 कार एक हाई–परफॉरमेंस एसयूवी और पहियों पर चलने वाली एक पावरहाउस है! ये कार 305 किमी/घंटा की टॉप स्पीड के साथ सड़कों पर दौड़ सकती है! वहीं, यह केवल 3.6 सेकेंडो में 0–100 किमी/घंटा की गति पकड़ लेती है! ऑडी की ओर से आने वाली इस कार के बेस मॉडल की कीमत 2.5 करोड़ रुपये है पर कस्टमाइजेशन के बाद, नीरज के वर्जन की कीमत लगभग 3 करोड़ रुपये हैं। नीरज ने जो कार डिजाइन कराई है उसमें उनकी पसंद की हर चीज का ध्यान रखा है। अपनी इस नई कार के बारे में बात करते हुए नीरज ने कहा, 'मुझे कारें बहुत पसंद हैं. कड़ी मेहनत की वजह से ही मैं उन्हें खरीद पाया हूं। मेरा सपना सच हो गया। मैं और मेरा परिवार एक घर चाहते थे। यह बहुत अच्छी बात है कि अब हमारे पास एक घर है। हमारे सपने हकीकत में बदल रहे हैं।' रफ्तार और लग्जरी के शौकीन नीरज चोपड़ा के पास महंगी और लग्जरी गाड़ियों का शानदार कलेक?शन है। इनमें कस्?टमाइज?ड महिंद्रा एक?सयूवी 700 शामिल है वहीं उनके पास एक महिंद्र थार भी है जिसकी कीमत लगभग 17 लाख रुपए है।उनकी सबसे महंगी गाड़ियों में रेंज रोवर शामिल हैं जिसकी कीमत लगभग 2 करोड़ रुपये है। नीरज के पास 33 लाख रुपए की टोयोटा फॉर्चूनर है। वहीं मस्?टैंग जीटी की कीमत 93.52 लाख शामिल हैं। इसके अलावा उनरके पास जगुआर एफ–पेस और मर्सिडीज –बेंज जीएलसी एक लग्जरी एससूवी है. इसकी कीमत 57.36 – 63.15 लाख रुपए है।

# एक बार फिर रोहित शर्मा की खराब किस्मत, टीम इंडिया के नाम दर्ज हुआ ये शर्मनाक रिकॉर्ड

**दुबई (एजेंसी)।** मौजूदा समय में भारत और बांग्लादेश के बीच दुबई में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का मुकाबला खेला जा रहा है। लेकिन रोहित शर्मा की टॉस के मामले में अभी भी किस्मत रूठी हुई है। दरअसल, वर्ल्ड कप 2023 फाइनल में टीम इंडिया को हार मिली थी। उस टूर्नामेंट में रोहित शर्मा टीम इंडिया के कप्तान थे, तब से अब तक वनडे इंटरनेशनल क्रकिट में भारतीय टीम एक भी टॉस नहीं जीत पाई है। बांग्लादेश के खिलाफ आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लीग मैच में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा एक बार फिर से टॉस हार गए और इस तरह एक शर्मनाक रिकॉर्ड टीम इंडिया के नाम दर्ज हो गया।

बता दें कि, वर्ल्ड कप 2023 के बाद से



ज्यादातर मैचों में रोहित शर्मा कप्तान रहे हैं, लेकिन एक सीरीज में केएल राहुल भी कप्तान थे, लेकिन किस्मत वहां भी टीम इंडिया के हक में नहीं रही। भारत ने आखिरी बार वनडे इंटरनेशनल क्रिकेट में टॉस वर्ल्ड कप 2023 के सेमीफाइनल में जीता था। इसके बाद फाइनल में भारत फिर टॉस हारा और इसके बाद कभी भी भारतीय टीम वनडे इंटरनेशनल क्रिकेट में टॉस नहीं जीत पाई है। भारत 11 मैचों में टॉस हार चुका है औरये किसी भी टेस्ट प्लेइंग नेशन के लिए शर्मनाक रिकॉर्ड है। ये शर्मनाक वर्ल्ड रिकॉर्ड की भी बराबरी हो चुकी है। हालांकि, टॉस हारने के इस शर्मनाक रिकॉर्ड के बीच भारत ने ज्यादातर मैच में जीत हासिल की है। टीम इंडिया ने इस शर्मनाक वर्ल्ड रिकॉर्ड के मामले में नीदरलैंड की बराबरी कर ली है। भारत और नीदरलैंड ने एक टीम के रूप में अब संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा बार वनडे इंटरनेशनल क्रिकेट में लगातार टॉस हारे हैं। मार्च 2011 और अगस्त 2013 के बीच नीदरलैंड की टीम ने 11 टॉस वनडे इंटरनेशनल क्रिकेट में हारे थे। वहीं, टीम इंडिया ने नवंबर 2023 से फरवरी 2025 तक भारतीय टीम भी इतनेही मैचों में टॉस गंवा चुकी है।

# फीडे महिला ग्रां प्री शतरंज : हंपी की धमाकेदार जीत, हरिका को दी मात

मोनाको । फीडे महिला ग्रां प्री के तीसरे चरण के पहले दौर में कोनेरू हम्पी और हरिका द्रोणावल्ली के बीच मुकाबला भारतीय प्रशंसकों के लिए बेहद रोमांचक रहा। भारतीय ग्रैंडमास्टर कोनेरू हंपी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी हमवतन हरिका द्रोणावल्ली को मात दी। इस जीत के साथ हंपी ने टूर्नामेंट की मजबूत शुरुआत की, जबकि हरिका को पहले ही दौर में हार का सामना करना पड़ा। खेल की शुरुआत चार नाइट्स रुई लोपेज़ ओपनिंग से हुई, जिसमें दोनों खिलाड़ियों ने संतुलित अंदाज में खेला। मिडलगेम तक खेल बराबरी पर था, लेकिन समय के दबाव में हरिका ने कुछ गलतियां कीं, जिसका हंपी ने पूरा फायदा उठाया। 41वीं चाल पर हरिका ने गलत योजना अपनाई और इसके बाद हंपी ने मैच को अपनी तरफ मोड़ दिया। पहले दौर के अन्य परिणामों में रूस की कटेरिना लागनो नें हमवतन अलेक्ज़ेंड्रा गोरयाचकिना को , मंगोलिया की मंगुन्तूल बटखुयाग नें स्विट्जरलैंड की अलेक्ज़ेंड्रा कोस्टेनियुक को पराजित किया जबकि कजाकिस्तान की बिबिसारा असौबायेवा से स्पेन की सरासादात खादेमालशरीह से , जर्मनी की एलिसाबेथ पैहत्ज़ नें चीन की झोंगयी तान से बाजी ड्रॉ खेली । अगले दौर में हरिका की टक्कर सरासादात खादेमालशरीह से होगी, जबकि हंपी कोनेरू एलिसाबेथ पैहत्ज़ के खिलाफ उतरेंगी। हंपी के लिए यह टूर्नामेंट विश्व चैंपियनशिप साइकिल में अपनी दावेदारी मजबूत करने का शानदार मौका है।

# लक्ष्य का पीछा करने में सचिन से विराट को बेहतर मानते हैं सहवाग

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग का मानना है कि एकदिवसीय में लक्ष्य का पीछा करने में सचिन तेंदुलकर की तुलना में विराट कोहली बेहतर है। तेंदुलकर को दूसरे नंबर पर रखने पर सहवाग ने कहा कि क्रिकेट जगत एकदिवसीय क्रिकेट में कोहली जैसा निरंतरता वाला खिलाड़ी शायद ही दूसरा देख पाएगा। शुरुआत में, वह वह विराट कोहली नहीं थे जो वह आज हैं। उन्होंने अपना समय लिया और बहुत कुछ सीखा। और 2011-12 के बाद, वह बहुत बदल गए हैं। अपनी फिटनेस में और अपनी निरंतरता में उन्होंने अद्भुत पारियां खेली हैं।

सहवाग ने ऐसे शीर्ष पांच बल्लेबाजों की सूची में वेस्टइंडीज के महान बल्लेबाज क्रिस गेल को पांचवें नंबर पर रखा है जबकि एकदिवसीय प्रारूप में गेल के 304 मैचों में 10480 रन हैं। उन्होंने कहा कि गेल एक महान बल्लेबाज और सलामी बल्लेबाज थे। मुझे याद है कि भारत 2002-03 में वेस्टइंडीज आया था और क्रिस गेल ने 6 मैचों की श्रृंखला में तीन शतक लगाए थे। वह पहले खिलाड़ी थे जिन्हें मैंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देखा था जो तेज गेंदबाजों के लिए बैकफुट पर आकर छक्के मारते थे।

वहीं नंबर 4 स्थान दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान एबी डिविलियर्स को दिया गया, जिन्होंने अपने करियर के दौरान 228 एकदिवसीय मैचों में 9577 रन बनाए। उनके बाद पाकिस्तान के पूर्व कप्तान इंजमाम-उल-हक हैं जिन्होंने 350 पारियों में 11739 रन बनाए हैं। सहवाग ने कहा कि नंबर 4 पर एबी डिविलियर्स हैं। वह जिस तरह से खेलते थे वह मुझे बहुत पसंद आया। वह एकमात्र बल्लेबाज हैं जो असंतुलित होकर छक्के मार सकते हैं। नंबर 3 पर इंजमाम-उल-हक हैं। वह एशिया के सर्वश्रेष्ठ वनडे खिलाड़ियों में से एक हैं। इंजमाम नंबर 4 पर बल्लेबाजी करने आते थे और मैच को नियंत्रित करते थे। इसलिए, मैंने उनसे सीखा कि मैच को अंत तक कैसे ले जाना है।





## अलीजेह के बाद भांजे अयान अग्निहोत्री को प्रमोट करेंगे सलमान खान

भांजी अलीजेह को उनकी पहली फिल्म 'फर्रे' के लिए प्रमोट करने के बाद सलमान खान अब अपने भांजे अयान अग्निहोत्री के लिए आगे आए हैं। गायक, संगीतकार और रैपर के रूप में 'यूनिवर्सल लॉज' के साथ शुरुआत के लिए तैयार अयान के ट्रैक को सलमान दुबई में लॉन्च करेंगे। 'अग्नि' के नाम से मशहूर अयान 20 फरवरी को अपने ट्रैक 'यूनिवर्सल लॉज' के साथ एक गायक, संगीतकार और रैपर के रूप में शुरुआत करने के लिए तैयार हैं। ट्रैक को एक भव्य कार्यक्रम में लॉन्च किया जाएगा, जिसमें सलमान अपने परिवार और करीबी दोस्तों के साथ समारोह में शामिल होंगे।

एक सूत्र ने बताया कि कार्यक्रम में अरबाज खान, सोहेल खान, अलवीरा खान अग्निहोत्री, अर्पिता खान शर्मा, बॉबी देओल, सोनाक्षी सिन्हा समेत अन्य कई सितारे शामिल होंगे। उन्होंने बताया, 'यूनिवर्सल लॉज' सिर्फ एक गाना नहीं है – यह एक बहुमुखी कलाकार के रूप में अग्नि का शानदार बयान है। एक गायक, रैपर, गीतकार और संगीतकार के रूप में उन्होंने इस ट्रैक में अपने दिल के साथ आत्मा को भी डाल दिया है। गाने के जरिए मजबूत कहानी को एनर्जी से भरे बीट्स के साथ जोड़ा गया है। 'यूनिवर्सल लॉज' के निर्माता आदित्य देव हैं। दुबई में अपने स्टार-स्टडेड लॉन्च के बाद 'यूनिवर्सल लॉज' अग्नि के आधिकारिक यूट्यूब चैनल और सभी प्रमुख स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर दुनिया भर में उपलब्ध होगा। अयान अलवीरा (सलमान की बहन) और अतुल अग्निहोत्री के बेटे हैं। अयान इससे पहले अपने मामा सलमान के साथ विशाल मिश्रा के ट्रैक 'यू आर माइन' में काम कर चुके हैं।

एक पुराने इंटरव्यू में अयान ने कहा था, मामू और विशाल मिश्रा (संगीतकार) कुछ समय से गाने पर काम कर रहे थे। उन्होंने एक संगीत वीडियो भी शूट किया था और अंतिम आउटपुट को बाउंस करके रिलीज करने के बहुत करीब थे। लेकिन मामू को लगा कि ट्रैक में कुछ और जोड़ा जा सकता है। उन्होंने आगे बताया कि सलमान ने अलवीरा को फोन करके पूछा था कि क्या अयान गाने के एक सेक्शन के लिए रैप कर सकते हैं। उन्होंने बताया, मैंने उनसे कहा कि मैं यह करना पसंद करूंगा। इसलिए, मैंने 8-बार सेक्शन पर रैप के दो वर्जन लिखे। मामू ने इसे सुना और पसंद किया और मुझे विशाल से मिलने के लिए कहा। मैंने 20 मिनट में दोनों वर्जन लिखे थे।



## शादी में बब्बर परिवार के शामिल न होने पर प्रिया बनर्जी ने तोड़ी चुप्पी

प्रतीक बब्बर और प्रिया बनर्जी ने 14 फरवरी को वैलेंटाइन डे पर शादी रचाई। प्रतीक राज बब्बर और दिवंगत अभिनेत्री स्मिता पाटिल के बेटे हैं। प्रतीक ने अपनी दिवंगत मां स्मिता के मुंबई स्थित घर में ही शादी रचाई। लेकिन, इस शादी में उनके पिता राज बब्बर शामिल नहीं हुए। न ही बब्बर परिवार का कोई और सदस्य दिखाई दिया। इस पर प्रतीक की दुल्हन प्रिया बनर्जी ने प्रतिक्रिया दी है।

### सभी महत्वपूर्ण लोग मौजूद थे

प्रतीक बब्बर और प्रिया बनर्जी की शादी में न तो राज बब्बर नजर आए और न ही उनके सौतेले भाई-बहन जूही और आर्य बब्बर दिखे। इतने अहम दिन पर बब्बर परिवार की अनुपस्थिति के बाद कयास लगाए जा रहे हैं कि शायद बब्बर परिवार के साथ प्रतीक के रिश्तों में कुछ दूरियां आ गई हैं। या कोई नाराजगी है। इन अफवाहों पर बात करते हुए प्रिया बनर्जी ने कहा, हमारे लिए जो मायने रखते हैं वो सभी लोग शादी में मौजूद थे।

### क्या राज बब्बर को परिवार का सदस्य नहीं मानतीं प्रिया?

शादी के फंक्शन में बब्बर परिवार के शामिल न होने को लेकर प्रिया बनर्जी ने हिंदुस्तान टाइम्स को दिए एक इंटरव्यू में कहा कि परिवार का कोई भी सदस्य गायब नहीं था। उन्होंने कहा, पता नहीं ऐसी अफवाह क्यों हैं? वहां हमारे लिए महत्वपूर्ण और परिवार के सभी लोग मौजूद थे। मेरे माता-पिता, प्रतीक की मौसियां, नाना-नानी, जिन्होंने प्रतीक की परवरिश की। सभी लोग शामिल थे। वे सभी लोग मौजूद थे, जिन्हें परिवार माना जाता है। प्रिया की इस टिप्पणी के बाद यह सवाल किया जा रहा है कि क्या प्रिया राज बब्बर को परिवार का हिस्सा नहीं मानती हैं।

### यह घर उनकी तरफ से तोहफा है

प्रिया बनर्जी ने अपनी शादी के दिन का जिक्र करते हुए कहा कि शादी बिल्कुल वैसी ही हुई, जैसा उन्होंने और प्रतीक बब्बर ने सोचा था। उन्होंने इसे एक स्पेशल अवसर बताया। उन्होंने कहा कि उस खास घड़ी में परिवार के सभी लोग एक ही छत के नीचे मौजूद रहे। प्रिया ने बताया कि प्रतीक की मां यानी अभिनेत्री स्मिता पाटिल ने वह घर काफी अरमानों से खरीदा था कि उसमें रहकर प्रतीक का पालन-पोषण करेंगी, लेकिन हालात ने इसकी इजाजत नहीं दी। प्रिया ने कहा, हमें यकीन है कि यह घर उनकी ओर से एक तोहफा है, वे चाहती थीं कि हमारा सफर यहीं से शुरू हो।



## सिद्धार्थ शुक्ला को लेकर रश्मि देसाई ने किए कई खुलासे

**टीवी की तपस्या से पहचान पाने वाली अभिनेत्री रश्मि देसाई ने भारती सिंह के पॉडकास्ट में अपने करियर और सिद्धार्थ शुक्ला को लेकर बहुत सी बातें की हैं। उन्होंने कहा कि रश्मि और सिद्धार्थ ने करीब 9 महीने तक एक दूसरे से बात तक नहीं की थी।**

रश्मि देसाई ने सिद्धार्थ शुक्ला को लेकर बात की। भारती सिंह के पॉडकास्ट में रश्मि ने कहा कि हमारी अलग तरह की चीजें लोगों ने देखी बिग बॉस में। वो भी अच्छा था, मैं भी लोगों की मदद करती थी लेकिन जो कड़वाहट हमारे बीच आ गई थी, उस कारण ही ये सब हुआ। रश्मि देसाई ने कहा कि दिल से दिल तक हमारे बीच बात ही नहीं होती थी। हमारे काम के बीच ये तकरार कभी नहीं आई। वो जितना अच्छा इंसान था, दिल का भी उतना ही अच्छा था। साल 2018 में मेरा समय ठीक नहीं था, मैंने कई सारी चीजें इस दौरान सीखीं। रश्मि ने कहा कि हमनें काम के दौरान करीब 9 महीने तक बात की है।


### काम को लेकर बोलीं रश्मि देसाई

रश्मि देसाई ने कहा कि मुझे अच्छा काम करना है। मैं ऐसा काम करना चाहती हूं, जिससे मुझे चैलेंज मिले। रश्मि देसाई ने कहा कि मैं घूमना चाहती हूं। मैं रोड ट्रिप करना चाहती हूं।

रश्मि ने कहा कि मुझे ब्रांड्स का कुछ खास शौक नहीं है लेकिन फिर भी मैं कुछ खर्च करना चाहती हूं। इन सबके बीच खुद को समय देना चाहूंगी।

### बिग बॉस को लेकर कही ये बात

बिग बॉस 13 को लेकर भी रश्मि देसाई ने बात की। उन्होंने कहा कि ये शो मैंने सिर्फ पैसों के लिए किया था। मुझे उन दिनों पैसों की बहुत जरूरत थी। रश्मि ने कहा वो पांच महीने हमारे लिए ऐसे थे, जिसे हम आज तक नहीं भुला पाए हैं। रश्मि देसाई ने कहा कि बिग बॉस के दौरान वे जीवन में भी बहुत कठिन परिस्थिति से गुजर रही थीं। मुझे लगता है कि बिग बॉस करना मेरे जीवन का सबसे अच्छा निर्णय रहा।



## ऑडिशन देने में नहीं कोई शर्म, बिना स्ट्रगल के कुछ नहीं मिलता, काम को लेकर बोले साकिब सलीम

**83 और रंगबाज में नजर आ चुके साकिब सलीम इन दिनों क्राइम बीट शो में एक जर्नलिस्ट का किरदार निभा रहे हैं। साकिब सलीम ने अपने करियर और शोज को लेकर बात की है। उन्होंने कहा कि वे अपने करियर के पड़ावों पर ऑडिशन देने से पीछे नहीं हटते हैं।**

### पत्रकार होना आसान नहीं

इंटरव्यू में साकिब ने पत्रकार की भूमिका को लेकर बात की है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि वाकई ये बहुत मुश्किल जिंदगी है। यहां दिन-रात और तीन बार के खाने का कोई कॉन्सेप्ट नहीं है। आप हर समय किसी न किसी काम के पीछे भागते रहते हैं। बहुत जल्दी आपको कुछ भी नहीं मिलता है।

### बदला लोगों को देखने का नजरिया

अभिनेता ने कहा कि अब अगर कोई मेरे पास स्टोरी मांगने या किसी बातचीत के लिए आता है तो मैं अब उन्हें अलग नजरिए से देखता हूं। पहले मैं ऐसा नहीं था, इस शो का मुझ पर काफी असर हुआ है। वे भी अपना काम ही करते हैं। अब मैं उनसे कहता हूं कि रुकिए मैं क्या बात कर सकता हूं, जिससे आपको स्टोरी मिल सके। ये बदलाव मैंने अपने अंदर महसूस किया है।

### ऑडिशन देने में कोई शर्म नहीं

साकिब ने कहा कि वे अभी भी ऑडिशन देते हैं। स्ट्रगल करते हैं और इसमें उन्हें कोई परेशानी नहीं होती है। साकिब ने कहा, आपको हर किरदार के लिए काम करना पड़ता है। मैंने अपने जीवन में 15-16 फिल्में या शो किए होंगे। अगर मैंने ऑडिशन नहीं दिया है, तो हर चीज के लिए भागदौड़ करनी पड़ी है। यह मेरे पास नहीं आया। मुझे कई जगहों पर जाना पड़ा और लोगों को खुद पर विश्वास दिलाना पड़ा।

### ऑडिशन की बात आ जाता था गुस्सा

साकिब ने कहा कि उन्हें ऑडिशन किए जाने की बात पर गुस्सा आ जाता था। वे बुरा मान जाते थे, हालांकि, अब उन्हें इस बात का महत्व समझ आ गया है। उन्होंने कहा कि अब मुझे लगता है कि अगर आप एक अच्छे अभिनेता हैं, तो आपको ऑडिशन देने में कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। यह आपका काम है। आप घर बैठे बेहतर अभिनेता नहीं बन सकते हैं।

## फिल्म मालिक में गैंगस्टर का रोल अदा करने वाले हैं राजकुमार राव



अभिनेता राजकुमार राव अपनी अगली फिल्म में गैंगस्टर का रोल अदा करने वाले हैं। फिल्म का नाम है मालिक। इस फिल्म का जबसे एलान हुआ है, दर्शकों को इसका बेसब्री से इंतजार है। मेकर्स ने इसकी रिलीज डेट पर अपडेट शेयर कर दिया है। यह फिल्म जून में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। मकेर्स ने फिल्म का नया पोस्टर शेयर कर रिलीज डेट से परदा उठाया है। 15 फरवरी को टिप्स फिल्म्स के इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया गया है। इसमें फिल्म से राजकुमार राव का लुक शेयर किया है। हाथों में गन थामे एक्टर इंटेस लुक में दिख रहे हैं। इसके साथ कैप्शन लिखा है, पूरे प्रदेश और देश पर राज करने आ रहे हैं मालिक। इसके साथ बताया गया है कि फिल्म 20 जून 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



## आलिया भट्ट के लिए बोले करण जौहर, नहीं सोचा था वो इतनी बड़ी अभिनेत्री बनेंगी

बॉलीवुड फिल्म निर्माता करण जौहर ने आलिया भट्ट को अपनी फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू करवाया। करण जौहर ने अब एक इंटरव्यू में आलिया भट्ट और अपनी फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर को लेकर बात की है। उन्होंने कहा कि वे हमेशा से जानते थे कि आलिया भट्ट स्टार बनने वाली हैं, लेकिन इतनी सफल अभिनेत्री बनने वाली हैं, नहीं पता था।

### स्टूडेंट ऑफ द ईयर को लेकर कही ये बात

यूट्यूब चैनल गेम चेंजर्स को दिए इंटरव्यू में करण जौहर ने कहा कि वरुण और सिद्धार्थ मेरे असिस्टेंट रह चुके थे माय नेम इज खान में। आलिया को मैं पहली बार लॉन्च करने जा रहा था। मैं उनसे पहली बार मेरे ऑफिस में मिला था, जब वे स्कूल से आईं थीं। जब इन तीनों को मैंने लॉन्च किया तो अपनी टीम से साफ कह दिया था कि इन तीनों के साथ आप बड़े स्टार्स की तरह ही ट्रीट करें। हमनें कभी उन्हें नए सितारों की तरह ट्रीट किया ही नहीं। हमने हमेशा उन्हें मेगा स्टार की तरह रखा, ताकि वे भी उसी तरह से काम कर सकें।

### आलिया भट्ट को लेकर बोले निर्देशक

करण जौहर ने कहा, हमेशा लगा की आलिया स्टार बनेंगी, लेकिन इस किस्म की अभिनेत्री बनेंगी, यह मैं नहीं सोच पाया। करण जौहर ने कहा कि हमेशा कहता हूं कि उनका इमोशनल लॉन्च स्टूडेंट ऑफ द ईयर था और प्रोफेशनल लॉन्च हाइवे थी। उस फिल्म ने आलिया के लिए एक्टिंग के सारे दरवाजे खोल दिए।

### अपनी निर्देशित फिल्मों पर की बात

करण जौहर ने अपने करियर की गेम चेंजिग फिल्म को लेकर बात की है। करण जौहर ने कहा, जब मैं माय नेम इज खान फिल्म पर काम कर रहा था। मुझे लगता था कि ये फिल्म मेरे दायरे के बाहर है। 12 सालों बाद मुझे लगा कि मुझे सच में काम आता है, मैं निर्देशक हूं।





## 18 अप्रैल को रिलीज होगी केसरी चैप्टर 2

साल 2019 में आई अक्षय कुमार की फिल्म केसरी सुपरहिट साबित हुई थी। अब वे केसरी चैप्टर 2 में नजर आएंगे। फिल्म मार्च में होली के अवसर पर रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। इसकी नई रिलीज डेट से परदा उठ गया है। मालूम हो कि इस बार फिल्म में आर. माधवन भी अहम रोल में दिखाई देंगे। इसके अलावा अनन्या पांडे भी फिल्म का हिस्सा हैं। करण सिंह त्यागी के निर्देशन में बनी फिल्म अप्रैल में दस्तक देगी। फिल्म कैसरी चैप्टर 2, 18 अप्रैल 2025 को रिलीज होगी। इस फिल्म को धर्मा प्रोडक्शंस, लियो मीडिया कलेक्टिव और केप ऑफ गुड फिल्म्स के बैनर तले बनाया जा रहा है। भले ही फिल्म का नाम कैसरी चैप्टर 2 है, लेकिन 2019 की केसरी की कहानी से इसका लेना-देना नहीं है। इस फिल्म की कहानी वकील और पॉलिटिशियन रहे सी. शंकरन नायर पर आधारित है। फिल्म की कहानी जलियांवाला बाग हत्याकांड की पृष्ठभूमि पर आधारित है। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस फिल्म का नाम पहले शंकरा रखा गया था, लेकिन बाद में बदल दिया गया। फिल्म की कहानी की बात की जाए तो यह आजादी से पहले की है। इसमें स्वतंत्रता के दौरान हुई कई महत्वपूर्ण घटनाओं को दिखाया जाएगा।

समाचार गेट
HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: बृहमदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com

# किन्तु-परन्तु नहीं जनता अब ट्रिपल इंजन की सरकार चाहती है : उमेश भाटी

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** बीजेपी के वरिष्ठ नेता उमेश भाटी ने कहा है कि फरीदाबाद सहित पूरे हरियाणा में भाजपा के सभी मेयर कैंडिडेट रिकॉर्ड मतों से जीतने जा रहे है। हरियाणा की इतिहास में पहली बार वोटिंग के जरिए जनता अपना मेयर चुनेगी। फरीदाबाद भाजपा मेयर प्रत्याशी प्रवीण बत्रा जोशी जी करीब 5 लाख से भी ज्यादा वोटों से जीतेंगी। वहीं फरीदाबाद में 46 के 46 भाजपा के पार्षद जीतकर नगर निगम पहुंचने वाले है। उसके पीछे सबसे बड़ा कारण यह है कि जनता अब विकास चाहती है। किन्तु, परन्तु नहीं चाहती। जनता ट्रिपल इंजन की सरकार चाहती है।

गौरतलब है कि उमेश भाटी भाजपा पार्षद कैंडिडेटों के कई चुनाव प्रचार में जा रहे है। तिगांव विधानसभा के कई भाजपा प्रत्याशियों के लिए प्रचार कर रहे है। उनके कार्यालय पर सभी वार्ड से बीजेपी के प्रत्याशी



आशीर्वाद लेने पहुंचे रहे हैं । उमेश भाटी ने एडवांस में सभी को जीत की बधाई दी और मिठाई खिलाकर जीत का आशीर्वाद दिया। भाटी जी ने कहा कि दिल्ली के बाद हरियाणा के बाद बिहार का नंबर आने वाला है। भाजपा देश की जनता का परिवार बन चुका है जिस पर सभी अपना भविष्य देख रहे है।

# भाजपा प्रत्याशी भगवान सिंह के जनसंपर्क अभियान से उड़े विपक्षियों के होश

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** नगर निगम के वार्ड नंबर-10 से भाजपा प्रत्याशी भगवान सिंह के समर्थन में विधायक के समर्थन और धुआंधार प्रचार के चलते विपक्षियों के होश उडे हुए हैं। भाजपा प्रत्याशी भगवान सिंह के साथ विधायक सतीश फागना एवं समाजसेवियों ने आज जनसंपर्क अभियान चलाते हुए डोर टू डोर जाकर लोगों से वोट मांगे और उन्हें विजयी बनाने की अपील की। इस दौरान जगह-जगह भाजपा प्रत्याशी भगवान सिंह का लोगों ने स्वागत करते हुए उन्हें भारी मतों से विजयी बनाने का भरोसा दिलाया। जनसंपर्क अभियान के दौरान जगह जगह सभाएं कीं।

विधायक सतीश फगाना ने कहा कि आज समूचे विश्व में भारत जहां मजबूत शक्ति बन रहा है वहीं देशभर में हरियाणा प्रदेश विकास की नई ऊंचाईयों को छू रहा है। आज देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा



में नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली सरकारें देश और प्रदेश को विकास की नई राह पर अग्रसर कर रही है, उन्होंने लोगों से कहा कि अगर आप अपने वार्ड अपने जिले का समुचित विकास चाहते है तो भाजपा प्रत्याशियों को जिताने का काम करे ताकि वह निगम सदन में पहुंचकर लोगों की समस्याओं का दूर करवा सके। उन्होंने कहा कि लोकसभा और विधानसभा की तर्ज पर नगर निगम में भी भाजपा छोटी सरकार बनाएगी और भाजपा का ही मेयर बनेगा और उसके बाद ट्रिपल इंजन की सरकार सभी वार्डो का समुचित विकास करवाने में कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ेगी। इस अवसर पर पार्टी कार्यकताओं के अलावा अशोक पांचाल (जिलामंहामंत्री ओबीसी मोर्चा) राजकुमार यादव (मंडल महामंत्री) मनीषा (महिलामंडल महामंत्री) पुष्पलाता (महिला मंडल सचिव आदि उपसथित रहे।

# फरीदाबाद में गरीबों की हक छीन किया 300 करोड़ का घोटाला : उदयभान

## पत्रकार वार्ता में बोले कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष- भाजपा राज में फरीदाबाद बन रहा भ्रष्टाचार का गढ़

**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान ने कहा कि भाजपा राज में फरीदाबाद भ्रष्टाचार का गढ़ बन चुका है। उन्होंने कहा कि नगर निगम में 200 करोड के घोटाले की गूंज अभी ठंडी भी नहीं पडी है कि अब फरीदाबाद में लगभग 300 करोड का घोटाला और सामने आया है। उन्होंने फरीदाबाद में सूरजकुंड रोड स्थित ईरोज गुरप के लेकवुड सिटी का मुद्दा उठाते हुए कहा कि इस सिटी में भाजपा के बडे नेताओं के संरक्षण में गरीबों का हक छीना गया है जिससे भाजपा का भ्रष्टाचारी चेहरा उजागर हुआ है। उन्होंने खुलकर आरोप लगाया कि नगर निगम में भाजपा की टिकट पर पार्षद का चुनाव लड रहे पार्षद ने अपने हल्फनामे में करोडों की सम्पतति दर्शाई है, जबकि दूसरी तरफ इस सोसायटी के ईडब्ल्यूएस(आर्थिक रूप से कमजोर) व्यक्तियों के लिए आरक्षित प्लाट लिए हैं, वहीं हरियाणा सरकार के एसई स्तर के बडे अधिकारी को भी प्लाट अलॉट किए गए हैं। जिससे साबित होता है कि इस भ्रष्टाचार के खेल में हरियाणा की भाजपा सरकार में मंत्री, विधायक व अधिकारी शामिल हैं, इसलिए इस घोटाले की जांच सीबीआई से कराई जाए। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष उदयभान बृहस्पतिवार को सेक्टर-12 रोड स्थित कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता सुमित गौड के कार्यालय कांग्रेस भवन पर आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उनके साथ कांग्रेस के सह-जिला प्रभारी



रोहतास बेदी, फरीदाबाद विधानसभा से पूर्व प्रत्याशी लखन सिंगला, वरिष्ठ नेता विवेक प्रताप सिंह व योगेश गौड, कांग्रेस के पलवल सह-जिला प्रभारी सुमित गौड, अनिल नेताजी, अशोक रावल, संजय सोलंकी, कृष्ण अत्री सहित काफी संख्या में वरिष्ठ कांग्रेस नेता उपस्थित थे। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष उदयभान ने शायराना अंदाज में व्यंग कसते हुए कहा कि भाजपा राज में फर्जी लाटरी, फर्जी खेल- गरीब फिर से हुआ फेल और झूठी लाटरी-झूठे वायदे अब जनता देगी जवाब सीधे-साधे। उन्होंने खुलकर कहा कि फरीदाबाद में सूरजकुंड रोड स्थित ईरोज गुरप ने लेकवुड सिटी के नाम से एक सोसायटी बनाई जिसमें आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को प्लाट देने के नाम पर सरकार से लाईसेंस लिया गया। इस सोसायटी में मात्र आठ हजार एक सौ रूपये प्रति गज के हिसाब से प्लाट दिए जाने थे। क्योंकि यहां प्लाट का रेट लगभग 2 लाख रूपये प्रति गज है और सरकारी कलेक्टर रेट भी पचास हजार रूपये प्रति गज के हिसाब से है। इससे स्टांप डयूटी की बडी चोरी की गई है और सरकार को भी करोडों रूपये का राजस्व नुकसान हुआ है। उन्होंने इस फर्जीवाडे को उजागर करते हुए कहा कि ड्रा प्रकिया में भारी अनियमितताएं बरती गई क्योंकि ड्रा निकालने वाली समिति के सदस्य ने ही अपने हाथों से अपने ही प्लाट को निकाला, वहीं एक ही परिवार के 3 से 5 प्लाट निकाले गए। वहीं हरियाणा सरकार के एसई स्तर के बडे अधिकारी का प्लाट भी निकाला गया। जिससे यह पूरी प्रकिया तरह से संदिगध हो गई है तथा सरकार में बैठे मंत्री व विधायकों की संलिप्तता झलकती है। उन्होंने मांग की कि भ्रष्टाचार के इस खेल में जो-जो भी शामिल हैं सबकी जांच करके उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए। प्रदेश अध्यक्ष उदयभान ने कहा कि फरीदाबाद की जनता भाजपा के असली चेहरों को पहचान गई है और आने वाला समय फरीदाबाद की दशा और दिशा बदलने वाला है क्योंकि लोगों ने भाजपा के खिलाफ कांग्रेस के पक्ष में बदलाव करने का पक्का मन लिया है।

फरीदाबाद में झुग्गी वासी डरे हुए हैं कि यदि नगर निगम में भाजपा की सरकार बनी तो जहां झुग्गी वहीं बुलडोजर पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने गरीबों को बसाने का कार्य किया था जबकि भाजपा सरकार लोगों को उजाड रही है। उन्होंने लोगों को आश्वास्त किया कि नगर निकाय में कांग्रेस के सत्तासीन होते ही आम गरीबों के हित में कार्य किया जाएगा वहीं जीरो टोलरेंश की नीति अपनाते हुए हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य करेंगे।

# निकाय चुनावों के लिए मण्डल अध्यक्षों एवं पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने की बैठक




**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** सेक्टर 15 स्थित भाजपा जिला कार्यालय अटल कमल पर मण्डल अध्यक्षों एवं पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की बैठक में उपस्थित रहकर निकाय चुनाव की व्यवस्थाओं को लेकर राष्ट्रीय परिषद के सदस्य एवं फरीदाबाद मेयर मैडम के प्रतिनिधि आदरणीय बड़े भाई श्री सन्दीप जोशी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। बैठक जिला अध्यक्ष श्री राजकुमार वोहरा जी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में जिला प्रभारी श्री नरेन्द्र वत्स जी, जिला महामंत्री श्री सुरेन्द्र जांगड़ा जी, जिला मीडिया प्रमुख श्री विनोद गुप्ता जी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# आम आदमी पार्टी ने निशा दलाल फौजदार को फरीदाबाद मेयर प्रत्याशी किया घोषित



**समाचार गेट/जितेंद्र सिंह**

**फरीदाबाद।** आम आदमी पार्टी ने आज एक प्रेस वार्ता के दौरान निशा दलाल फौजदार को आगामी फरीदाबाद नगर निगम चुनाव के लिए मेयर प्रत्याशी घोषित किया। यह घोषणा गोल्फ क्लब, फरीदाबाद में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान आम आदमी पार्टी के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार गुप्ता ने की। प्रेस वार्ता में बोलते हुए प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार गुप्ता ने कहा कि आम आदमी पार्टी फरीदाबाद सहित पूरे हरियाणा में मजबूती से चुनाव लड़ेगी और भ्रष्टाचार मुक्त, पारदर्शी शासन देने के लिए संकल्पित है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे र्रक्क की नीतियों और विकास के एजेंडे को जन-जन तक पहुँचाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी की मेयर प्रत्याशी निशा दलाल फौजदार ने पार्टी नेतृत्व का धन्यवाद देते हुए कहा कि नगर निगम सिर्फ एक राजनैतिक प्रक्रिया ही नहीं है बल्कि हमारे जीवन की गुणवत्ता शहर की साफ सफाई और हमारी मूलभूल सुविधाओं का प्रतीक है। साथ ही यह भी कहा मैं आपसे वादा करती हूँ कि फरीदाबाद को एक स्वच्छ, पारदर्शी और जनहितकारी प्रशासन देने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करूंगी। प्रेस वार्ता में राजेंद्र शर्मा (प्रदेश संगठन मंत्री) आभाष चंदीला (प्रदेश सचिव) अमन गोयल (फरीदाबाद लोकसभा इंचार्ज) रविंद्र फौजदार (जिला अध्यक्ष फरीदाबाद), डॉ. नीतू मान , रवि डागर (पूर्व प्रत्याशी, एन आई टी विधानसभा) आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद रहे। प्रदेश नियर प्रत्याशी निशा दलाल फौजदार ने कहा आम आदमी पार्टी आगामी दिनों में जनसंपर्क अभियान, डोर-टू-डोर प्रचार और जनसभाओं के माध्यम से जनता तक अपनी नीतियों को पहुंचाएगी। पार्टी का लक्ष्य फरीदाबाद को भ्रष्टाचार मुक्त और आदर्श नगर बनाना है।

# बेहतरीन प्रबंधन और तकनीक के बूते पर सूरजकुण्ड मेले में पहुंचे रिकार्ड पर्यटक

**समाचार गेट/जितेंद्र सिंह**

**फरीदाबाद।** दुनिया के सबसे बडे शिल्प मेले में पर्यटन विभाग के बेहतरीन प्रबंधन और तकनीक के इस्तेमाल के चलते पर्यटकों के आगमन का रिकार्ड टूट गया है। 37वें सूरजकुण्ड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले में आए 13 लाख पर्यटकों के मुकाबले 38वें संस्करण में 14वें दिन तक 13 लाख 91 हजार पर्यटक पहुंच चुके हैं और अगले तीन दिन के सप्ताहांत के चलते इसमें बडी संख्या का इजाफा होने की पूरी संभावना है। आज यहां जानकारी देते हुए विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने बताया कि 38वां सूरजकुण्ड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला कई मायनों में खास होने जा रहा है। उन्होंने खुलासा करते हुए बताया कि गत वर्ष मेले में 13 लाख पर्यटकों का आगमन हुआ था जबकि इस साल मेले में वीरवार शाम तक 13 लाख 91



हजार पर्यटक पहुंच चुके हैं। उन्होंने कहा कि शुक्रवार, शनिवार और रविवार के चलते इस आंकडे में बडी बढोतरी देखने को मिलेगी जोकि अपने आप में एक नया रिकार्ड होगी। कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि वर्ष 2014 में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के द्वारा इस मेले को विस्तार देने पर जोर दिया गया था, उसे वर्तमान में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में मजबूती से आगे बढाया जा रहा है। मेले के अंतरराष्ट्रीय स्वरूप को मजबूती प्रदान करते हुए बिम्सटेक भागीदार देशों के साथ-साथ 44 देशों की सांस्कृतिक समृद्धता और कला से जुडने का पर्यटकों को अवसर मिल रहा है। मेले में हर शाम होने वाली सांस्कृतिक संध्या में 44 देशों के 635 कलाकारों की अलग-अलग शेड्यूल में प्रस्तुति कराने की व्यवस्था की गई है ताकि यहां आने वाले पर्यटक अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का लुत्फ उठा सकें। इसी प्रकार हर शाम होने वाली कार्निवल परेड लोगों में आकर्षण का कारण बनी है। पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि पहली बार मेले में मैट्रो को टिकट व पार्किंग पार्टनर के तौर पर जोडने और ऑनलाइन टिकट बिक्री को बढावा देने के चलते आमजन को टिकट खरीदने और दुनिया के सबसे बडे मेले में भागीदारी करने में सहूलियत हुई।

वहीं मेला परिसर में पर्यटन विभाग, विभिन्न विभागों व जिला प्रशासन के अधिकारियों, कर्मचारियों की कडी मेहनत व बेहतरीन प्रबंधन के चलते भीड को व्यवस्थित रखने में कामयाबी मिली है।

दिल्ली एनसीआर के विभिन्न बस अड्डों व मैट्रो स्टेशन से सूरजकुण्ड मेला मैदान के लिए बेहतर कनेक्टिविटी शटल सर्विस के माध्यम से करवाने से आमजन को बहुत फायदा हुआ। कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि शुक्रवार, शनिवार और रविवार के इस तीसरे सप्ताहंत को लेकर भी तैयारियां की गई हैं ताकि आने वाले पर्यटकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

# भक्ति सत्संग महोत्सव



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

गुरुग्राम में चार दिवसीय सनातन धर्म जागृति विराट भक्ति सत्संग महोत्सव की भव्य शुरुआत हुई, जिसमें हरियाणा के विभिन्न क्षेत्रों से आए धर्मप्रेमियों ने भाग लिया। 101 आचार्यों और महर्षि वेदव्यास गुरुकुल विद्यापीठ, नई दिल्ली के विद्यार्थियों के शंख ध्वनि से शोभा यात्रा का शुभारंभ हुआ। इस आयोजन में केंद्रीय सनातन धर्म सभा, पंजाबी बिरादरी महासभा, रेजिडेंस वेलफेयर एसोसिएशन और अखिल भारतीय हिन्दू क्रान्ति दल का सहयोग रहा। विश्व जागृति मिशन के परम श्रद्धेय सदगुरुदेव श्री सुधांशु जी महाराज के सानिध्य में सत्संग सत्र भी आयोजित किए जा रहे हैं।